बाधो, मास , वर्ष-10, अंक 153, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज सोमवार 26 अगस्त, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

## NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद मे रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रो का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

### Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

JEEVAN EXPRESS NEWS

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity



# सिस्टम से बाहर बैठे 90 प्रतिशत लोगों के लिए जाति जनगणना जरूरी, संविधान सम्मान सम्मेलन में बोले राहुल गांधी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** देश भर में जाति जनगणना की मांग पर जोर देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति जनगणना को जरूरी बताया। राहुल गांधी ने कहा, देश के 90 प्रतिशत लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं और उनके लिए यह कदम जरूरी है। उनके पास कौशल है, ज्ञान है लेकिन (सिस्टम से) कोई संबंध नहीं है। इसलिए हमने जाति जनगणना की मांग उठाई है। राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस के लिए जाति जनगणना नीति निर्माण की नींव है। राहुल ने कहा, कांग्रेस के लिए जातिगत जनगणना नीति निर्माण की बुनियाद है। जाति जनगणना को रोका नहीं जा सकता। राहुल गांधी ने इस दौरान भाजपा पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा जाति



जनगणना रोकना चाहती है। शनिवार को प्रयागराज में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, देश की आबादी के हिसाब से नीतियां बनाई जानी चाहिए, तभी सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। राहुल बोले, देश की आधी आबादी ओबीसी, 15 प्रतिशत दलित और आठ प्रतिशत आदिवासी हैं। इन सबको जोड़ा जाए तो करीब 73 प्रतिशत होता है। अभी इसमें अल्पसंख्यकों को शामिल नहीं किया गया है। जाति जनगणना पर जोर देते हुए राहुल गांधी ने कहा, आबादी के हिसाब से नीतियां नहीं बनाई गईं तो जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने आगे कहा, देश की 70 फीसदी आबादी के हिसाब से नीतियां बन ही नहीं रही हैं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार केवल चुनिंदा पूजीपतियों और तीस फीसदी लोगों के लिए ही नीतियां बना रही है। अधिकांश आबादी को केंद्र की योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल पा रहा।

# युवती पर फब्ती कसने के आरोपी की जमानत खारिज कोर्ट ने कहा- यह कृत्य भयमुक्त समाज के खिलाफ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने यह टिप्पणी करते हुए सफी उर्फ साबी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अलीगढ़ के क्वार्सी थाना क्षेत्र निवासी पीडि़ता 19 जुलाई 2024 को सुबह नौ बजे अपने घर आ रही थी। इस दौरान दो युवक साबी, ताबिश बाइक से आए और अभद्र टिप्पणियां करते हुए पीडि़ता को पकड़ने की कोशिश की। हाईकोर्ट ने कहा कि घर जा रही युवती को दो युवकों के फब्ती कसने, जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश करना भयमुक्त समाज व गुड गवर्नेंस के सिद्धांत के खिलाफ है। युवती की चीख सुनकर उसके भाई व अन्य नहीं



पहुंचे होते तो मानवता व समाज के लिए शर्मनाक घटना होती। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने यह टिप्पणी करते हुए सफी उर्फ साबी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अलीगढ़ के क्वार्सी थाना क्षेत्र निवासी पीडि़ता 19 जुलाई 2024 को सुबह नौ बजे अपने घर आ रही थी। इस दौरान दो युवक साबी, ताबिश बाइक से आए और अभद्र टिप्पणियां करते हुए पीडि़ता को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उसका भाई मौके पर आ गया और शोर मचाया तो अन्य लोग इकट्ठा हो गए। किसी तरह पीडि़ता को बचाया लिया और ताबिश को मौके पर ही पकड़ लिया गया। वहीं, याची साबी बाइक लेकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद 20 जुलाई को याची को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। याची ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए याची को जमानत देने से इन्कार कर दिया।

# शिक्षक के हजारों पदों पर भर्ती के लिए मिलेगी हरी झंडी, शासन से मंजूरी के आसार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** सितंबर में शिक्षक के हजारों पदों पर भर्ती के लिए हरी झंडी मिलेगी। इस माह के अंत तक शिक्षा सेवा चयन आयोग को नए अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है। एलटी



ग्रेड और असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए भी शासन से मंजूरी के आसार है। सबकुछ ठीक रहा तो सितंबर में शिक्षक के हजारों पदों पर भर्ती के रास्ते खुल जाएंगे। इस माह के अंत या सितंबर के पहले सप्ताह तक उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को नए स्थायी अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है। वहीं, एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती और असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए भी शासन स्तर पर लंबित प्रस्ताव को मजूरी मिलने के आसार हैं। शिक्षा सेवा चयन आयोग में स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 25 अगस्त को इंटरव्यू प्रस्तावित है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि साक्षात्कार पूरा होने के सप्ताहभर के भीतर नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जा सकती है। वैसे भी आयोग से जुड़ी भतिर्यों को शुरू करने में काफी विलंब हो चुका है। ऐसे में नए अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द से जल्द किए जाने की कोशिश है।स्थायी अध्यक्ष के न होने के कारण दो साल से अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी/पीजीटी के 4163 पदों और अशासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों पर भर्ती के लिए लंबित परीक्षा पर निणर्य नहीं हो पा रहा है। नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भर्ती परीक्षाओं की तिथियां घोषित होने के साथ ही नई भतिर्यों के विज्ञापन जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। वहीं, राजकीय विद्यालयों में एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती के लिए दो स्तरीय परीक्षा का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर लंबित है। यह भर्ती अभी तक एकल परीक्षा के माध्यम से होती रही है। नए प्रस्ताव के तहत पहली बार यह भर्ती प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के माध्यम से होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को शासन स्तर से प्रस्ताव मंजूर होने का इंतजार है, ताकि एलटी ग्रेड शिक्षक के छह हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा सके। आयोग के सूत्रों का कहना है कि शासन से पत्राचार किया गया है और जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी।

# दूसरे दिन 10 हजार ने छोड़ दी पुलिस भर्ती परीक्षा, 40 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी हुए शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** दूसरे दिन भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आला अफसर खुद अलग-अलग केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण में लगे रहे और



सुनिश्चित किया कि परीक्षा की शुचिता बनी रहे। जनपद में कुल 63 केंद्र बनाए गए हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। सिपाही भर्ती 2024 के लिए दूसरे दिन हुई परीक्षा में 10 हजार अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। कुल 45 हजार में से 35 हजार अभ्यथिर्यों ने परीक्षा दी। पहले दिन की तरह ही परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक रही और कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। दूसरे दिन भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आला अफसर खुद अलग-अलग केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण में लगे रहे और सुनिश्चित किया कि परीक्षा की शुचिता बनी रहे। जनपद में कुल 63 केंद्र बनाए गए हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। दोनों पालियों कुल 45,744 अभ्यथिर्यों को बुलावा पत्र भेजा गया था और शनिवार को दोनों पालियों में उपस्थिति करीब 78 फीसदी रही।इस तरह से 35600 अभ्यथिर्यों ने परीक्षा दी जबकि लगभग 10 हजार ने परीक्षा छोड़ दी। सिपाही भर्ती परीक्षा के नोडल अधिकारी डीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि दूसरे दिन भी कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है। करीब 22 फीसदी गैरहाजिर रहे। सिपाही भर्ती की दो तिथियों में परीक्षा आयोजित कराई जा चुकी है और अब तीन अन्य तिथियों की परीक्षा शेष है। प्रयागराज में अलग-अलग पांच दिनों में कुल 2.28 लाख अभ्यथिर्यों को परीक्षा में शामिल होना है। प्रत्येक तिथि में दो पालियों में परीक्षा कराई जा रही है और प्रत्येक पाली में 22,872 अभ्यथिर्यों के परीक्षा देने की व्यवस्था अलग-अलग केंद्रों पर की गई है। इसिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन सुबह की पाली में तो यातायात सामान्य रहा और आवागमन सुचारू रूप से होता रहा। हालांकि शाम के वक्त दूसरी पाली की परीक्षा छूटने के बाद कई प्रमुख मार्गों पर अचानक यातायात का दबाव बढ़ने से यातायात प्रभावित हुआ।

# हमारे काम को देखो, वस्त्र मत देखो हमारी आत्मा उजली है, केवल वस्त्र काला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** शनिवार को प्रशासनिक भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ,



इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व बार कौंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। अधिवक्ताओं की हड़ताल न केवल न्याय प्रक्रिया को लंबा खींचती है, बल्कि इससे समाज का भी नुकसान होता है। ऐसे में अधिवक्ताओं को छोटी-छोटी बातों व मुद्दों पर हड़ताल करने से बचने की सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने सलाह दी। शनिवार को यूपी बार कौंसिल के प्रशासनिक भवन का उन्होंने उद्घाटन किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं को उनके कार्य की अहमियत बताते हुए शेर सुनाया कि ''अदालत सूर्य है वो न्याय का जिससे उजाला है, मुसीबत जब पड़ी है मुल्क पर इसने संभाला है, हमारे काम को देखो, हमारे वस्त्र न देखो, हमारी आत्मा उजली है केवल वस्त्र काला है।'' शनिवार को प्रशासनिक भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व बार कौंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस दौरान यूपी बार कौंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने प्रशासनिक भवन की खूबियां अतिथियों को बताईं। कहा कि इस भवन के बनने से रजिस्ट्रेशन के लिए आने वाले अधिवक्ताओं को परेशान नहीं होना पड़ेगा। एक जगह पर उनके सारे कार्य हो जाएंगे। साथ ही सारे कागजात सुरक्षित रहेंगे।वहीं इसके बाद ''पेशे में नैतिकता और समाज के प्रति अधिवक्ताओं की भूमिका'' विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया।

















## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मा0 सदस्य श्रीमती निर्मला सिंह पटेल का जनपद में भ्रमण दिनांक 28 व 29अगस्त 2024 को

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मा0 सदस्य श्रीमती निर्मला सिंह पटेल का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है दिनांक 28.08.2024 को प्रातः 08:00 बजे वाराणसी से जनपद सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगी, प्रातः 10:30 बजे सर्कित हाउस में आगमन होगा, प्रातः 11:00 बजे जिला करागार, जिला अस्पताल, पीकू वार्ड, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गॉन्धी विद्यालय, पोषण पुनर्वास केन्द्र एंव आगनबाड़ी केन्दों का निरीक्षण एंव कोविड से प्रभावित बच्चों एवं एकल परिवारों के आवास पर संवाद करेगी और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम, दिनांक 29.08.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे समीक्ष बैठक करेंगी अपरान्ह 03:30 बजे प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक्स मीडिया से प्रेस वार्ता करेंगी और सांय 04:00 बजे वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगी।

### गाओ की समस्याओं को लेकर सदर ब्लाक प्रमुख को सौपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर ब्लाक परिसर में शुक्रवार को सदर ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वह क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधियों द्वारा सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत को पत्र देकर उठाई मांग वही अनुपम तिवारी प्रधान प्रतिनिधि ऊंचडीह, इंद्रजीत यादव प्रधान प्रतिनिधि रौप, रामचंद्र सिंह पटेल ग्राम प्रधान अरौली, कामेश्वर प्रधान प्रतिनिधि जमुआव, रामचंद्र क्षेत्र पंचायत सदस्य कैथी प्रथम, शालिग्राम कननैजिया पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अकछोर प्रधान प्रतिनिधि ऊंचडीह द्वारा बताया गया कि बारिश न होने के कारण आज भी पानी की समस्या विकट होती जा रही है अगर बारिश नही हुई तो बहुत जल्द टैंकर चलाना पड़ सकता है साथ ही बताया गया की गांव मे लोगों द्वारा रोड पर पशु बांध देने से आने जाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ती है रोज विवाद की स्थिति बनी रहती है, रउप प्रथम प्रधान द्वारा बताया गया कि गांव में आने जाने के लिए सड़क की सबसे बड़ी समस्या है, आरौली प्रधान द्वारा बताया गया कि कहार बस्ती मे रोड पर जलजमाव के कारण लोगों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है।

## एक्टिंग के बाद अब राजनीति में लोहा मनवाने उतरे अभिनेता थलापति विजय


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**तमिलनाडु।** तमिल अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख थलापति विजय ने चेनन्ई स्थित पार्टी के पनयूर में पार्टी मुख्यालय में अपनी राजनीतिक पार्टी तमिझागा वेत्री कझगम के झंडे का आधिकारिक रूप से अनावरण किया। विजय



कार्यालय में पार्टी का झंडा अनावरण किया। इस दौरान विजय ने कहा, 'मुझे पता है कि आप सभी हमारे पहले राज्य सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं और बहुत जल्द मैं इसकी घोषणा करूंगा। उससे पहले मैंने आज हमारी पार्टी के झंडा अनावरण किया है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। हम तमिलनाडु के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।' अभिनेता थलापति विजय ने चेनन्ई अपने पार्टी पदाधिकारियों के सामने पार्टी का झंडा फहराया। बता दें कि झंडे के अनावरण को विजय की राजनीतिक यात्रा में पहला बड़ा कदम माना जा रहा है क्योंकि उनका ध्यान 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों पर है। टीवीके सितंबर के अंत में विलुपुरम जिले के विक्रवंडी में एक रैली की योजना बनाई गई है। इस रैली से टीवीके के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक होगी।

## दुनिया के बड़े नेताओं को पीछे छोड़ पीएम मोदी रचेंगे इतिहास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार शाम छह बजे के करीब पोलैंड की राजधानी वारसा पहुंच गये। यह मुलाकात होगी। इसके बाद देर शाम मोदी यूक्रेन के लिए रवाना हो जाएंगे वर्ष 1991 में पूर्व सोवियत गणराज्य से अलग होकर बने देश यूक्रेन की यह किसी भारतीय पीएम की पहली



45 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड यात्रा है। पीएम मोदी तीन दिनों की विदेश यात्रा पर पोलैंड और यूक्रेन गये हैं 21 और 22 अगस्त को पोलैंड में उनका प्रवास होगा और इसके बाद वह 23 सितंबर को कुछ घंटों के लिए यूक्रेन जाएंगे। पोलैंड से यूक्रेन की यात्रा पीएम मोदी 'रेल फोर्स वन' ट्रेन से करेंगे। इसमें दस घंटे का समय लगेगा। पीएम मोदी पिछले 45 सालों में पोलैंड की यात्रा पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। पोलैंड के बाद यूक्रेन पहुंचकर भी वह इतिहास रचने को तैयार हैं क्योंकि इससे पहले किसी भी भारतीय पीएम ने वहां की यात्रा नहीं की है। इसके अलावा पीएम मोदी ने वह कर दिखाया है जो आज तक विश्व के तमाम बड़े नेता भी नहीं कर सके।गुरुवार को पीएम मोदी की पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उसी दिन मोदी की पोलैंड के राष्ट्रपति अंद्रजेज डुडा, पोलैंड के उद्योगपतियों और इंफ्यूलेंसर्स से अलग-अलग यात्रा होगी। शुक्रवार को उनकी राजधानी कीव में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक होगी। पोलैंड रवाना होने से पहले एक बयान जारी कर पीएम मोदी ने उम्मीद जताई है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ वह यूक्रेन-रूस तनाव को समाप्त करने को लेकर बातचीत करेंगे।पीएम ने भारत को यूक्रेन का मित्र व साझेदार बताते हुए आशा व्यक्त किया कि इस क्षेत्र में शीघ्र अमन व शांति स्थापित होगी। उन्होंने कहा, 'पोलैंड के साथ कूटनीतिक संबंधों के 70 वर्ष पूरा होने के अवसर पर मैं वहां की यात्रा कर रहा हूं। मध्य यूरोप में पोलैंड हमारा सबसे बड़ा साझेदार देश है। हम दोनों देश लोकतंत्र व बहुवादी व्यवस्था में विश्वास करते हैं, जिससे हमारे रिश्ते और मजबूत होते हैं। हम आपसी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने मित्र पीएम डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रेजेज डुडा से मिलने को उत्सुक हूं।

## हिन्दू रक्षा समिति ने बैठक कर बनाई रणनीति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बांग्लादेश के अन्दर आतातायियों के द्वारा वहां के अल्पसंख्यक समाज हिन्दू, सिक्ख, जैन, बौद्ध समाज के उपर हो रहे आक्रमण सामुहिक



नरसंहार उनकी संपत्तियों का लूटपाट आगजनि अल्पसंख्यक समाज कि माताओं बहनों के साथ बलात्कार के पश्चात् उनकी हत्या एवं सरकारी नौकरियों से जबरजस्ती इस्तिफा दिलवाने कि घटनाओं ने पूरे भारतीय समाज को झकझोर कर रख दिया है। जायेगा श्री पाण्डेय ने बताया कि सभी सामाजिक संगठनों के साथ हिन्दू रक्षा समिति 24 अगस्त को ठिक 11.00 बजे रामलीला मैदान राबट्‌र्सगंज मे एकत्र होकर वहीं से जूलूस के रुप मे शान्तिपूर्वक प्रदर्शन करते हुए शीतला मंदिर चौराहे से पुराना सिनेमा हाल से महिला थाना होते हुए जिला कचहरी वाले मार्ग से स्वर्ण जयन्ती चौराहे से होकर पुनः रामलीला मैदान मे पहुंचकर सभा के रुप परिवर्तित हो जायेगा जिसमे जिले के जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जायेगा। प्रदर्शन मे लगभग 6000 कि संख्या रहने वाली है। इस मौके पर नर सिंह त्रिपाठी, सत्यप्रताप सिंह, जयप्रकाश , संतोष धर्मेन्द्र पाण्डेय, राजीव कुमार, भूपेश चौबे , नन्दलाल , रमेश मिश्रा, डॉ धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, अशोक मिश्रा, रामलगन, महेश, कृष्णमुरारी गुप्ता, रामसुन्दर निषाद, अजीत रावत, रुबी प्रसाद, पुष्पा सिंह, तिरथराज, प्रमिला त्रिपाठी, चित्रा जालान, रामबहादुर सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## हिमनद झील से आने वाली बाढ़ से बचाव को सरकार ने कसी कमर, 150 करोड़ रुपये मंजूर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के हिमालयी क्षेत्रों में मौजूद हिमनद झीलों के कारण आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए आने वाली बाढ़ से निपटने के लिए सरकार ने कमर कस ली है। भारत के हिमालयी क्षेत्रों में 7500 हिमनद झीलें हैं और एनडीएमए ने उनसे



सरकार ने कमर कस ली है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हिमनद झील विस्फोट जनित बाढ़ (ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड) से निपटने के लिए 150 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा लागू किया जाना है। भारत के हिमालयी क्षेत्रों में 7,500 हिमनद झीलें हैं और एनडीएमए ने उनसे उत्पनन्न खतरे को कम करने के उपायों के लिए 189 उच्च जोखिम वाली झीलों की सूची को अंतिम रूप दिया है। इसी तर्ज पर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए भी अलग कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। इसका उद्देश्य खतरे का आकलन और झीलों और निचले इलाकों में स्वचालित मौसम और जल स्तर निगरानी स्टेशन और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित करना है। भारत के हिमालयी क्षेत्रों में मौजूद हिमनद झीलों के कारण उत्पनन्न खतरे को कम करने के उपायों के लिए 189 उच्च जोखिम वाली झीलों की सूची को अंतिम रूप दिया है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए भी अलग कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। केंद्रीय और राज्य एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं और इनमें से 15 उच्च जोखिम वाली झीलों पर अभियान पहले ही पूरा हो चुका है। इनमें सिक्किम और लद्दाख में छह-छह, हिमाचल प्रदेश में एक और जम्मू-कश्मीर में दो झीलें शामिल हैं। अन्य सात झीलों को लेकर अभियान चल रहा है। वहीं, ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की आशंका और उससे निपटने के उपायों का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की दो टीमों को पहली बार अरुणाचल प्रदेश में छह उच्च जोखिम वाले ग्लेशियल लेक का मुआयना करने भेजा गया है। टीमें तवांग और दिबांग स्थित घाटी में झीलों का मुआयना करेगी।

## आरक्षी भर्ती लिखित परीक्षा सकुशल हुआ सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जनपद के कुल-06 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल एवं निर्विघन रुप से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत हेतु सभी चौराहों/तिराहों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात कर्मी हैं तैनात- सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों की, की जा रही सतत निगरानी- आपत्तिजनक/भड़काऊ अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र सहित समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना चौकी/प्रभारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



सुरक्षा/यातायात व्यवस्था हेतु किए गए हैं व्यापक बंदोबस्त- आरक्षी भर्ती लिखित परीक्षा को निर्बाध रुप से सकुशल एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने के दृष्टिगत डा0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र द्वारा परीक्षा केंद्र राजकीय पॉलिटेकिन्क कालेज लोढ़ी, सोनभद्र व कन्ट्रोल रुम में लगे सीसीटीवी कैमरों का औचक भ्रमण/निरीक्षण कर गहनता से चेकिंग करने व लगातार निगरानी रखने हेतु दिय गये सख्त निर्देश- सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बंधित को दिए जा रहे आवश्यक दिशा-निर्देश- सभी परीक्षा केंद्रों व प्रमुख स्थानों/चौराहों पर लगाई गई है पर्याप्त पुलिस बल व क्यूआरटी टीम की ड्यूटी- सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा रहा सम्पन्न सुगम यातायात व्यवस्था पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त वैधानिक कार्यवाही जनपद के कुल-06 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित ठउत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी सीधी भर्ती लिखित परीक्षाठ को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत डा0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र व अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कालू सिंह द्वारा राजकीय पॉलिटेकिन्क लोढ़ी, सोनभद्र परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था व परीक्षा केन्द्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों की चेकिंग की गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में बने कंट्रोल रूम में परीक्षा केन्द्रों की निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । साथ ही जा रहा है।सभी परीक्षा केन्द्रों, प्रमुख स्थानों/ चौराहों पर क्यूआरटी टीम, पीएसी सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है । सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है । सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में ड्युटी में लगे पुलिसकर्मियों द्वारा अनवरत निगरानी सुनिश्चित की जा रही है । सुगम यातायात व्यवस्था हेतु सभी चौराहों/तिराहों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात कर्मी तैनात है ।सोशल मीडिया टीम व अभिसूचना तंत्र पूर्ण रूप से सक्रिय है । सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों की सतत निगरानी की जा रही है । आपत्तिजनक/भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।

## मारवाड़ी महिला मंच ने शोक सभा कर जलाया कैंडल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** स्वर्ण जयंती चौराहे पर के साथ हुए दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में कैंडल जलाकर शोक व्यक्त



मारवाड़ी सोन महिला मंच, महिला मंडल एवं मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में कोलकाता की डॉक्टर बहन डॉक्टर मौमिता देवनाथ किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गईमारवाड़ी महिला मंच के अध्यक्षा प्रतिभा कनोडिया ने कहा कि डॉक्टर हमारी जान बचाते हैं और उन्हें भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। कोलकाता में जो दुष्कर्म हुआ वह बहुत ही निंदनीय है हमें इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए नए कानून लाने होंगे और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलानी होगी।इस दौरान महिला मंडल की अध्यक्षा अनीता थर्ड, मारवाड़ी महिला मंच की अध्यक्षा प्रतिभा कनोडिया, सचिव रितु जालान,कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा,नि वर्तमान अध्यक्षा अंकिता केजरीवाल , चित्रा जालान, शीला जैन, सुचिता खेतानसुनीता सांवरिया, अनीता कनोडिया, पूनम खेतान , एकता केजरीवाल, पूनम केडिया,मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सचिव हिमांशु केजरीवाल, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, पंकज कनोडिया , रवि केजरीवालआदि मेंबर मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय रगरम में बच्चे हुए गेट से बाहर, स्थानीय लोगों ने ब्यक्त की कड़ी नाराजगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**कोन/ सोनभद्र।** नवसृजित विकास खण्ड कोन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाखाड़ के टोला रगरम में प्राथमिक विद्यालय स्थित है जो



यह सरकारी विद्यालय है। ग्रामीणों की मानें तो कुछ दिन पहले से ही प्रधानाध्यापक के मिली भगत से उक्त विद्यालय में मदरसे की पढ़ाई की जा रही थी और मौलाना को विद्यालय की चाबी देकर मालिकाना हक देने की साजिश रची गई थी। आज ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की कुछ मौलवी द्वारा गेट पर ताला लगाकर बली बांस लगाकर उसे कब्जा करने के नियत से ऐसा कार्य किया जा रहा था ताकि विद्यालय में मदरसे की पढ़ाई की जा सके । स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना संघ के हरिशंकर वर्मा को दिया तत्पश्चात् उनके द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तो विद्यालय बंद मिला व बच्चे गेट के बाहर खड़े थे जिसके क्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से उनसे वार्ता की गई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला इसके बाद संघ के स्थानीय कार्यकर्ता के द्वारा क्षेत्र में अन्य लोगों सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी दी। जिसकी सूचना पाकर स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुँच कर संबंधितों को थाने ले गई जहाँ जांचोपरांत स्थानीय पुलिस द्वारा संबंधित धारा में कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को चालान कर दिया गया। मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित तमाम ग्रामीण व संघ के वर्मा जी उपस्थित थे । उक्त प्रकरण के संबंध में प्रधानाध्यापक से सेलफोन पर वार्ता किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि मेरे ऊपर अधिकारी हैं और अधिकारियों द्वारा पत्रकारों से वार्ता नहीं करने की नसीहत दी गई । मौके पर उपस्थित रहे कोन थाना के उपनिरीक्षक रामगोपाल ने बताया कि इस संबंध में तीन लोगों का चालान कर दिया । इसी क्रम में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा थाने पर लिखित तहरीर दे गयी है साथ ही मेरे द्वारा प्रधानाध्यापक को उक्त प्रकरण से संबंधित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । आखिर एक सवाल स्थानीय लोगों के जेहन में जरूर उठ रहा है कि ऐसे प्रधानाध्यापक के ऊपर संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही होगा कि नहीं इसे लेकर लोगों के मन में संशय जरूर है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों में रोष ब्याप्त है।

## पटरियो किनारे खड़े ट्रैकों से हो रही दुर्घटना,आवागमन भी बाधित




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सदर तहसील क्षेत्र के पनन्गंज घोरावल मार्ग स्थित बठिगाव गांव के समीप स्थित एक राइस मिल के बाहर कतर में बड़े वाहनों के खड़े होने से आए दिन दुर्घटना व जाम की स्थितियां उत्पनन्न हो रही हैं वहीं आसपास के गांव में मिल से निकलने वाले धुएं व जले हुए राखड़ से बीमारियों का खतरा बना हुआ है।वही इस संदर्भ में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा की सबसे व्यस्त मार्ग होने के बाद भी दर्जनों ट्रक के खड़ी रहती हैं आधा सड़क पूरा कब्जा रहता है जीस कारण लगातार जाम लगा रहा है सड़क पर मिल होने के कारण आस पास के गांव वाले प्रदूषण से परेशान हैं ऐसे मिल संचालक पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वही संदर्भ में सदर एसडीएम से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराया जाएगा सत्यता पाया गया तो संबंधित कार्रवाई भी होगी।

## आइएएस गोविंद मोहन संभालेंगे केंद्रीय गृह सचिव का कार्यभार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आइएएस गोविंद मोहन गुरुवार को नए केंद्रीय गृह सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह अजय कुमार भल्ला का स्थान लेंगे जिनका इस महत्वपूर्ण पद पर पांच साल का कार्यकाल पूरा हो रहा




वह अजय कुमार भल्ला का स्थान लेंगे, जिनका इस महत्वपूर्ण पद पर पांच साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीटेक और आइआइएम अहमदाबाद से पीजी डिप्लोमा धारक गोविंद कैबिनेट सचिव के बाद नौकरशाही के इस दूसरे सबसे बड़े पद पर नियुक्ति से पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव के रूप में कार्यरत थे। वरिष्ठ आइएएस गोविंद मोहन गुरुवार को नए केंद्रीय गृह सचिव है। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आइएएस अधिकारी मोहन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी के तौर पर पहले ही कार्यभार संभाल लिया था। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आइएएस अधिकारी मोहन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी के तौर पर पहले ही कार्यभार संभाल लिया था। उन्हें सिक्किम और केंद्र सरकार में विभिन्न पदों पर काम करने का व्यापक अनुभव है। मोहन को वर्तमान में सरकार में सेवारत सबसे प्रतिभाशाली अधिकारियों में से एक माना जाता है और वह अपनी कर्मठता के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले उन्होंने गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम किया था और केंद्र शासित प्रदेशों सहित कई प्रमुख विभागों को संभाला था। कोविड-19 महामारी के दौरान अच्छा काम किया वरिष्ठ नौकरशाह मोहन कोविड-19 महामारी के दौरान भी सरकार के प्रमुख अधिकारी रहे और उन्हें विभिन्न प्रोटोकाल के लिए लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की निगरानी और राज्यों के साथ सुचारू समन्वय सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया था। जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव चुनौती कार्यभार संभालने के बाद मोहन के सामने तात्कालिक चुनौती जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के साथ निकट समन्वय से काम करना है। निर्वाचन आयोग ने 18 सितंबर से केंद्र शासित प्रदेश में तीन चरणों में मतदान की घोषणा कर दी है।

# मिर्ज़ापुर

# सोनभद्र







# राष्ट्रपति के नाम उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** देश में आदिवासियों के विरोध में वन संरक्षण संशोधन अधिनियम-2023 लागू करके आदिवासीयों को बडे पैमाने पर बेदखल करने एवं विकास के नाम आदिवासीयों को जल, जंगल, मकान और जमीन के मालिकाना हक एवं अधिकार से वंचित करने के लिए बनाये जा रहे संसद द्वांरा असंवैधानिक कानूनों पर तत्काल रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से भरत बंद का समर्थन करते हुए राष्ट्रपति के नाम उप जिलाधिकारी को ओबरा तहसील में बुधवार को ज्ञापन सौंपा गया वहीं वक्ताओं ने कहा कि संविधान में आदिवासी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रुप में पहचान प्राप्त है इसी पहचान के आधार पर तमाम प्रकार की सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, राजनितिक, सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने के लिए विभिनन्अनुच्छेदों और अनुसूचियों में अधिकार प्राप्त है। विडंबना यह है कि जिन तमाम विदेशी आक्रमणकारियों से लडते हुए गुलाम भारत में आदिवासी महापुरुषों ने जल, जंगल,जमीन में और अपनी संस्कृति को सुरक्षित करने के लिए जान की बाजी लगाई थी, लेकिन तथाकथित 1947 को मिली आजादी और हमें 1950 में मिले अधिकारों के बावजूद विकास के नाम पर, पर्यावरण संरक्षण के नाम एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण के नाम पर आदिवासीयों को उनके जल, जंगल और जमीन से विस्थापित किया गया और उनका पुर्नवास करने का कोई ईमानदार प्रयास नहीं हुआ। अधिकार से वंचित करके संवैधानिक व्यवस्था के विरोध में राज्य और केंद्र की सरकारे लगातार आदिवासीयों के विरोध में कानून बनाकर आदिवासियों को बेदखल करने का काम कर रही है जिससे



जबकी संविधान में अनुच्छेद 244 के तहत अनुसूची 5 और 6 में उल्लेख है कि इन क्षेत्रों में केंद्रिय या राज्य सरकार को दखल देने का अधिकार नहीं होगा। बल्कि जनजाति मंत्रणापरिषद की स्थापना कर वही विकास की सारी संभावनाओं को जमीन पर उतारने का काम करें और उसका नियंत्रण प्रदेश में राज्यपाल और देश में राष्ट्रपति के अधीन होगा। लेकिन आदिवासियों के विरोध में वन संरक्षण संशोधन अधिनियम-2023 लागू करके आदिवासीयों को बडे पैमाने पर बेदखल करके जल, जंगल, मकान और जमीन के मालिकाना हक एवं पूरे देश के आदिवासी अपने जल, जंगल और जमीन से बडे पैमाने पर विस्थापित हो रहे है। विस्थापन की वजह से 5 वी और 6 वी अनुसूची क्षेत्र समाप्त होने एवं आदिवासीयों की मूल पहचान, कला, सभ्यता, संस्कृति तथा उनके अस्तित्व पर एवं पर्यावरण को खतरा उत्पनन्हो गया है।बांसवाडा के आदिवासी सांसद राजकुमार रोत ने भी यह मामला संसद में उठाकर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विगत 5 वर्षों में 18922.96 हेक्टयर वन भूमि निजी कंपनीयों को खनन के लिए दि, उसमें से 16490 हेक्टयर वन भूति सिर्फ मध्यप्रदेश, राजस्थान, उडीसा, झारखंड और छत्तीसगढ जैसे आदिवासी बहुल राज्यों की है। केंद्र सरकार पूरे देश की वन भूमि कॉर्पोरेट को दे रही है। इसलिए देशभर के लाखों जनजातियों के सामाजिक संगठनों में आक्रोश होने से उन्हें आंदोलन करना पड रहा है और हम संगठनों ने अपनी बुनियादी और जायज मांगों को एकत्रित कर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया है। हमारी निमनलिखित मांगे है कृपया आप संविधान के दायरे में रहकर हमारी मांगो पर विचार कर उचित कार्यवाही करें। 01) विकास के नाम पर विस्थापन अ) बडे-बडे बाँध बनाकर आदिवासीयों को बडे पैमाने पर 5 वी एवं 6 वी अनुसूची क्षेत्रों से विस्थापित करके उन्हें गैर अनसूचित क्षेत्रों में बसाया जा रहा है, जिससे 5 वी एवं 6 वी अनुसूची समाप्त होने का खतरा निर्माण हो गया है, इसके विरोध में। ब) आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासीयों की जमीन कं अंदर छूपी बहुमूलय से बहुमूल्य धातूओं का उत्खनन करने के लिए जमीनों का आवंटन पूंजीपतियों को करके 5 वी एवं 6 वी अनुसूची क्षेत्रों में वर्षों से निवासरत आदिवासीयों को विस्थापित करके अनुसूचित क्षेत्रों को समाप्त करने की साजिश के विरोध में। स) नेशनल कॉरिडोर एवं भारत माला प्रोजेक्ट के निर्माण के बहाने 5 वी एवं 6 वी अनुसूची क्षेत्रों से आदिवासीयों को बेदखल करने के विरोध में द) औद्योगिकरण एवं उससे होने वाले शहरीकरण के माध्यम से 5 वी एवं 6 वी अनुसूची क्षेत्रों के आदिवासीयों की जमीने छिनकर उन्हें विस्थापित करने के विरोध में। 02) पर्यावरण के नाम पर वर्षों से जंगलो के अंदर एवं जंगलों के आसपास निवास कर रहे आदिवासीयों को बडे पैमाने पर किये जा रहे विस्थापन के विरोध में। 03) वन्य प्राणियों के संरक्षण के बहाने नेशनल पार्क एवं अभ्यारण बनाकर वर्षों से जंगलों के अंदर एवं जंगलों के आसपास निवास कर रहे आदिवासीयों को बडे पैमाने पर विस्थापित कर उनका जल, जंगल, मकान और जमीन का मालिकाना हक एवं अधिकार,वनों पर आधारित आजीविका एवं रोजगार छिनकर उन्हें पलायन करने के लिए मजबूर करने को उनका विरोध संयुक्त रूप में किया जा रहा है इस दौरान भगवानदास गोंड ,राजबली गोंड, रामचंद्र गोंड, अर्जुन गोंड, हीरावती गोंड, मानती देवी गोंड, कालिका देवी गोंड, अनिल गोंड, अरविंद गोंड, अनिलेश गोंड, अजय गोंड, अमर नाथ, रामखेलावन, शिवमूरत, अमीरशाह, रामनाथ, राजाराम, रामकिशन, रामसुभाग, ललन अगरिया, राम प्रसाद चेरो, लक्ष्मी पटेल, विमला देवी, गुडि़या अमर सिंह गोंड,संत कुमार गोंड, भगवंती, रामकिशन, सोमारू, महाजन शामिल रहे।

# यूपी पुलिस 13 सौ 3 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**शनिवार को दूसरे दिन पुलिस परीक्षा के दोनों पालियों में 13 सौ तीन ने छोड़ी परीक्षा। वही पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर आर.पी. सिंह द्वारा 30प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र के राजकीय महिला महाविद्यालय राबट्र्गंज व राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज सोनभद्र आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं निष्पक्षता से सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं पुलिस लाइन में स्थित बने सीसीटीवी केंद्र का डीएम एसपी ने मॉनिटरिंग करते हुए संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश भारी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई दूसरे दिन भी पुलिस परीक्षा।



# मारकुंडी घाटी में पहाड़ फिसलने से आवागमन घण्टो रहा बाधित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर नीचे से दूसरे टर्निंग पर पहाड़ के टुकड़े गिरने से बाधित रहा मारकुंडी घाटी के दूसरे टर्निंग मोड पर बीते शुक्रवार से जिले में तेज बारिश हो जाने के कारण सीधी खड़ी पहाड़ी फिसल कर गिर गई



यातायात मारकुंडी घाटी में शनिवार की सुबह दूसरे मोड़ पर पहाड़ के टुकड़े पिसलने से आवागमन घण्टो रहा बाधित। जानकारी के अनुसार चोपन थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य राज मार्ग स्थित जिससे शनिवार की सुबह सभी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। मौके पर यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह व पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत मारकुंडी घाटी के पुरानी सड़क पचमोड़वा से आवागमन चालू कराया। वहीं यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह ने बताया कि शुक्रवारशाम से ही तेज बारिश होने लगी, इससे मारकुंडी घाटी की खड़ी पहाड़ी भरभराकर गिर गई वहीं बड़े-बड़े बोल्डर सड़क पर आ जाने से रात्रि में घाटी चढ़ रहे सभी छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन तत्काल बाधित हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी यातायात पुलिस व गुरमा पुलिस एवं सड़क निर्माण कम्पनी को दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस सड़क सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मारकुंडी घाटी के पुराने मार्ग से सभी वाहनों का आवागमन चालू कराई। वहीं सड़क निर्माण कम्पनी द्वारा जेसीबी मशीनों से पत्थर हटाने का कार्य शुरु करा दिया गया। श्री सिंह ने बताया कि काफी लोगों के मदद के अनुसार जल्द ही पहाड़ के गिरे टुकड़ों को हटाकर यातायात चालू कर दिया गया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व नन्हे बच्चों ने निकाली झांकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल प्रभापुरम राबट्र्सगंज सोनभद्र में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण एवम राधा के आरती से प्रारंभ हुआ तथा कक्षा एलद केद जीद के छात्र श्रेयांस और छात्रा अंशिका जयसवाल ने कृष्ण राधा का रूप धारण कर कृष्ण -राधा की आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया। कक्षा एलदकेदजीद के छात्र-छात्राओं ने राधा कैसे न जले गाने पर सुंदर नृत्य किया, यूदकेदजीद के छात्र -छात्राओं ने ओ राधा ओ कृष्णा गाने पर सुंदर प्रस्तुति दिया, कक्षा 1 के छात्र -छात्राओं ने यशोदा मैया तथा कक्षा 2 के छात्र -छात्राओं ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी नामक गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसको देखकर अभिभावक काफी प्रशंसा किए और लोगों से यह सुनने को मिला कि वास्तव में राधा एवं भगवान कृष्ण लग रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंबर उपाध्याय ने राधा कृष्ण की झांकी




की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पर्व पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और विदेशों में भी बसे भारतीयों द्वारा पूरी आस्था एवं उल्लास के साथ मनाते हैं।भगवान कृष्ण युगो युगो से आस्था का केंद्र रहे हैं।हमें भगवान कृष्ण के संदेशों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार यादव ,मनोज दुबे ,दीपक श्रीवास्तव, अनिता सोनी, दिव्या चौरसिया, गायत्री, दीप्ति मिश्रा ,और सीता पांडे तथा सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे साथ ही प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल के नई ब्रांच टैगोर नगर में बच्चों ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राधा - कृष्ण की झांकी प्रस्तुत किया कार्यक्रम का शुभारंभ राधा कृष्ण की आरती से प्रारंभ किया गया ।कक्षा नर्सरी से 3 तक के बच्चों ने राधा कृष्ण के झांकियां प्रस्तुत किए।जिसमें कक्षा 1 के यशराज पटेल ने श्री कृष्णा और कक्षा नर्सरी की इशिका पाण्डेय ने राधा का किरदार निभाया बच्चों ने मनमोहक गानों पर नृत्य प्रस्तुति किया। कार्यक्रम साधना पांडे के नेतृत्व में अध्यापिका आभा पांडे ,पूनम ,श्रद्धा मिश्रा के द्वारा बच्चों से कराया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षाः सेंट्रो का निरीक्षण कर जाना हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को लेकर जनपद सोनभद्र में 6 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 23 24 25 30 कॉलेज आदर्श इंटर कॉलेज महिला महाविद्यालय चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर संबंधित सुरक्षा व्यवस्था साफ सफाई अपनी



31 को पुलिस परीक्षा होनी है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कवायत तेज कर दिया गया है। एडीएम सहदेव मिश्र व एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि आगामी जनपद में 23 24 25 30 31 को पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में 6 सेंटरों पर होनी है जिसको लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेकिन्क जीजीआईसी इंटर कॉलेज राजा शारदा महेश इंटर लाइट सीसीटीवी संबंधित जानकारी ली गई और संबंधितों से वार्ता कर उचित दिशा निर्देश दिए गए श्री सिंह ने बताया कि जिले में होने वाली परीक्षा शांति व्यवस्था के साथ कराई जाएगी जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम कर लिया गया है जिले में ऐलाइयू , इंटेलिजेंट टीम में सक्रिय कर दी गई है हर जगह सरकारी स्टैंड व रोड वेज ,रेलवे स्टेशनों पर होटल, पर विशेष निगाहें बरती जा रही हैं।

# लोढ़ी चौकी अंतर्गत टोल प्लाजा के पास अज्ञात 30 वर्षीय आदमी का पेड़ में लटकता मिला शव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सूचना पर पहुची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर मर्चरी रखवाई। सोनभद्र ब्यूरोः सदर थाना अंतर्गत लोढ़ी में अज्ञात पुरुष का मिला शव लोढ़ी टोल प्लाजा के पास मुख्य सड़क मार्ग शक्तिनगर के पूरब सड़क मार्ग से करीब 200 मीटर अंदर करंज के पेड़ में गेरुआ रंग के गमछे से फांसी लगा लिया है। पहनावा मृतक काले कलर का लोअर सफेद बनियान तथा फिरोजी कलर का शर्ट फुल आस्तीन का पहना हुआ है। हुलिया रंग सांवला आंख कान नाक कद औसत दोहरी मजबूत जिस उम्र करीब 30 बर्ष। सूचना पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यदि किसी थाने पर इस समय संबंध में गुमशुदगी आदि की सूचना दर्ज हो तो थाना रॉबर्ट्सगंज को अवगत कराया जाय।



# युवा रालोद की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक 23 अगस्त को

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव श्री अभय पटेल ने बताया कि युवा राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक 23 अगस्त दिन- शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह सभागार प्रदेश कार्यालय लखनऊ, 9 बी त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग लखनऊ में आयोजित है। उक्त समीक्षा बैठक युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह पटेल जी के अध्यक्षता में सम्पनन्होगी। श्री पटेल ने बताया कि समीक्षा बैठक में प्रदेश से लेकर जिले स्तर के पदाधिकारियों को बुलाया गया है, जिसमें संगठन विस्तार को लेकर चर्चा होगी तथा बूथ स्तर तक के कमेटियों को तैयार करने के साथ ही प्रदेश के जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, वहां के पदाधिकारियों को विशेष रूप से पूरी सीट जीतने हेतु दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे।



# साइक्लोथोन प्रतिभागियों को सदर विधायक ने किया पुरस्कृत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मारवाड़ी युवा मंच सोनभद्र एवं मारवाड़ी सोन महिला शाखा के द्वारा आयोजित किया गया साइक्लोथो मारवाड़ी युवा मंच सोनभद्र एवं सोन महिला के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को सुबह 8:00 बजे साइक्लोथोन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सदर विधायक भूपेश चौबे ,महिला थाना एध्य् सविता सरोज एवं राम जी यादव (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी)के द्वारा सुबह 8.00 बजे श्री आर्यन एकडेमी पर झंडा दिखाकर किया गया। साइक्लोथोन रैली आर्यन एकडेमी से शुरू होकर जयपुरिया स्कूल तक हुई । जिसमें की स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं मंच के साथियों ने हिस्सा लिया।इसके पश्चात रैली में हिस्सा लिए हुए सभी छात्र-छात्राओं एवं युवा साथियों को राष्ट्र द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। सदर विधायक भूपेश चौबे ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए यह कहा की मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला मंच द्वारा किया गया यह कार्यक्रम युवाओं को साइकिल चलाने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष पंकज कनोडिया ,आशुतोष झुनझुनवाला ,देवांशु केजरीवाल , शुभम अग्रवाल, रवि केजरीवाल,विनोद जालान ,तरुण केडिया सोन महिला मंच की निवर्तमान अध्यक्षा अंकिता केजरीवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा,अनीता थरड ,अनीता कनोडिया,चित्रा जालान,पूनम खेतान ,दीप्ति केडिया ,सुचित्रा खेतान ,एकता केजरीवाल आदि उपस्थित रहे।



,महिला थाना सविता सरोज एवं राम जी यादव (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी)द्वारा किया गया। अध्यक्ष सचिन अग्रवाल एवं अध्यक्षा प्रतिभा कनोडिया ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रीय स्तर पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया इस साइक्लोथॉन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य -खेलकूद एवं स्वास्थ्य के प्रति युवाओं को जागरूक करते हुए जागृति लाना है। शाखा सचिव हिमांशु केजरीवाल एवं रितु जालान ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ सदर

# सैकड़ों किसान मायूस होकर घर लौटे व तत्काल आपूर्ति की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**कोन/सोनभद्र।** नवसृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत कचनरवा के अन्तर्गत सहकारी समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत कचनरवा में मात्र एक सहकारी समिति है जो मरम्मत् के अभाव में अपने आप औचक निरीक्षण नहीं करते हैं जिससे खाद बेचने वाले प्राइवेट दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं जिससे समिति के आस पास के



समिति में खाद नदारद है एक तरफ सरकार द्वारा भले ही किसानों की फसल की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और फसल के उत्पादन में वृद्धि के साथ साथ किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ यूरिया और डी .ए .पी खाद सस्ती दर पर उपलब्ध कराने का दावा सरकार द्वारा भले ही किया जा रहा हो किन्तु सरकारी तंत्र की उदासीनता कहें या जिम्मेदारों की निष्क्रियता जिसका आलम है कि किसान ऊँची दर पर दुकानों से खाद क्रय करने को मजबूर है ।चाहे वह दीर्घाकार बहुद्देशीय की दुकान हो या क्रय विक्रय की सहकारी समिति की दुकान हो। जानकारों का मानना है कि क्षेत्रफल की दृष्टिकोण से सहकारी समिति कचनरवा काफी लम्बा है जिसके सापेक्ष खाद उपलब्ध न होने के कारण हमेशा समस्या बनी रहती है । इस संबंध में वरिस्ठ पर आँसू बहा रहा है भवन की स्थिति जर्जर है जो कभी भी धाराशायी हो सकता है जिसे नये भवन निर्माण कराकर समिति को विकसित करने की आवश्यकता है । समिति पर लगभग 12000 किसान निर्भर हैं जो कि आय दिन खेती बारी का कार्य छोड़कर सहकारी समिति का चक्कर लगा रहे हैं फिर भी लोगों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और गरीब किसान मजबूरन डी. ए. पी 1400 से 1450 तक व यूरिया 400 रुपया से 450 रुपया में प्राइवेट दुकानों से क्रय करने को विवश हैं ,जो कि गरीब किसानों के ऊपर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और किसानों के लिए अभिशाप से कम नहीं है और वहीं दूसरी तरफ सचिव के ऊपर मनमानी का आरोप लगाया है।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सैकड़ों किसान मंहगाई की दंश झेल रहे हैं। वर्तमान समय में धान की रोपाई चल रही है और कुछ जगहों पर हो चुकी है जो कि खाद की आवश्यकता सभी किसानों को है अगर सहकारी समितियों पर आने वाले खाद का आपूर्ति बढा दी जाय तो किसी भी किसान को खाद की समस्या नहीं होगी। उपरोक्त के बावत सहकारी समिति कचनरवा के अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने बताया कि किसानों की जरूरत के हिसाब से खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिससे समस्या बनी हुई है जैसे ही खाद उपलब्ध होगा तत्काल वितरित करा दिया जायेगा। किसान सतेंद्र, संजय, प्रदीप, राजेंद्र आदि ने मा. जिलाधिकारी महोदय व संबंधित विभाग से तत्काल खाद का आपूर्ति कराने व वितरण की मांग की है ।

# बांग्लादेश कांड को लेकर हिंदू रक्षा समिति ने निकाला जुलूस लगाया जयकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा, अपहरण, बलात्कार, लूट-पाट, आगजनी को देख-सुन




कर पूरा देश और समाज आक्रोशित एवं दुखी है। इस कारण हिन्दू रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष नर सिंह त्रिपाठी के नेतृत्व मे हजारो कि संख्या में राबर्ट्सगंज व घोरावल तहसील से आये हुए बन्धुओं ने राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन दिया तथा एक सभा का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्यअतिथि पं0 दिलिप कृष्ण भारद्वाज सुविख्यात कथावाचक मौजूद रहे। सभा के पश्चात् हजारो कि संख्या मे महिला पुरुष हाथ मे भगवाध्वज व तिरंगा ध्वज लेकर पूरे नगर का भ्रमण किया तत्पश्चात् उपजिलाधिकारी सोनभद्र के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि बांग्लादेश राजनैतिक षड्यंत्र और अराजकता के दौर से गुजर रहा है, बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को धन और धर्म तथा चरित्र की हत्या की जा रही है। बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हम भारत सरकार से यह अपेक्षा करते हैं कि कूटनीतिक, राजनीतिक और संयुक्त राष्ट्र संघ पर दबाव बढ़ाकर, आवश्यक हो तो सैन्य हस्तक्षेप करना चाहिए। इसके लिए देश का पूरा हिन्दू समाज, भारत सरकार के साथ अपने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पीछे चट्टान की तरह खड़ा है। भारत भूमि पर जो व्यक्ति अथवा संस्था संविधान का अनादर करते हुए भारत में भी बांग्लादेश दोहराने की चुनौती विभिनन्माध्यमों से देकर यहां का भी वातावरण खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही करें, ताकि यहाँ की शांति व्यवस्था बनी रहे। सोनभद्र जिले मे हिन्दू, सिख, बौद्ध, सभी सनातनियों के संयुक्त प्रयास के द्वारा, जिसमें सोनभद्र के सभी व्यापारिक संगठन, समाज की सुरक्षा के लिए सदैव सतर्क रहने वाले धार्मिक संगठन, शैक्षणिक संस्था एवं सामाजिक संगठन आपसे सादर निवेदन करते हैं कि बांग्लादेश के साथ-साथ विश्व के उन सभी देशों में जहाँ हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन अल्पसंख्यक हैं ।

# स्पोर्ट्स



## सऊद शकील ने की 65 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी, बाबर-रिजवान कोई नहीं कर सका ऐसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सऊद शकील ने पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश के बीच पहले दिन ही हासिल की दरअसल, सऊद शकील जब बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले वेस्टइंडीज के एवरटन वीकस के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज



खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। सऊद ने टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह कारनामा अपनी 20वीं टेस्ट पारी में हासिल किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के बैटर सईद अहमद के 1959 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। सऊद ने यह खास उपलब्धि रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के दिन बैटिंग करने उतरे तो उन्होंने इस मुकाम को हासिल करने के लिए 33 रन की दरकार थी, जो कि उन्होंने आसानी से पूरा कर लिया। सऊद शकीन पाकिस्तान की तरफ से टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बैटर बन गए हैं। उनसे पहले सईद अहमद ने साल 1959 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी 20वीं टेस्ट पारी में 1000 रन का आंकड़ा छुआ था। वहीं, इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लिफ और है, जिसे उन्होंने 12 पारी में हासिल किया। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज विनोद कांबली हैं। उन्होंने यह रिकॉर्ड 14 पारियों में बनाया था विनोद कांबली ने भारतीय टीम के लिए कुल 17 टेस्ट मैच खेले। इन मैचों में उन्होंने 21 पारियों में 54.2 की औसत से 1084 रन बनाए। उनके नाम 4 शतक, 2 दोहरा शतक, और 3 अर्धशतक भी हैं।

## खराब शुरुआत के बाद संभली पाकिस्तान टीम, पहले दिन 2 बल्लेबाजों ने जड़ी फिफ्टी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज की बुधवार से शुरुआत हुई। रिजवान 24 रन बनाकर नाबाद हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। चौथे ओवर पाकिस्तान को तीसरा झटका लगा। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम का खाता तक नहीं खुला। शोरफुल इस्लाम ने बाबर आजम



बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल?लेबाजी करते उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही।पाकिस्तान टीम ने 16 रन के भीतर 3 विकेट खो दिए थे। इसके बाद सऊद शकील ने सईम अय्यूब के साथ पारी को संभाला। पहले दिन स्टंप तक पाकिस्तान का स्कोर 158/4 है। सऊद शकील 57 और मोहम्मद की तीसरी गेंद पर पाकिस्तान को पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक को हसन महमूद ने पवेलियन भेजा। अब्दुल्ला शफीक ने 14 गेंदों पर 2 रन बनाए। 14 के स्कोर पर पाकिस्तान को दूसरा झटका लगा। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद को शोरफुल इस्लाम ने अपना शिकार बनाया। शान ने 11 गेंदों का सामना किया और 6 रन बनाए।16 के स्कोर पर को लिट्टन दास के हाथों कैच आउट कराया। 3 विकेट जल्दी खोने के बाद सऊद शकील ने सईम अय्यूब के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 98 रन जोड़े। 114 के स्कोर पर पाकिस्तान को चौथा झटका लगा। सईम अय्यूब ने 98 गेंदों पर 56 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 1 छक्का लगाया। हसन महमूद की गेंद पर मेहदी हसन ने सईम अय्यूब का शिकार किया।

## श्रीलंका के मिलन रथनायके ने डेब्यू में रचा इतिहास, फिफ्टी जड़कर तोड़ा टेस्ट क्रिकेट का 41 साल पुराना रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई टीम के पेसर मिलन रथनायके ने बुधवार को इतिहास रच दिया। नंबर 9 पर बैटिंग करते हुए डेब्यू मैच में मिलन ने टेस्ट क्रिकेट के 41 साल पुराने गया। श्रीलंकाई की टीम के धुरंधर एक समय पर टीम की लुटिया डुबो ही चुके थे, लेकिन टीम मिलन ने तूफानी बैटिंग कर टीम की पारी को संभालने की पूरी कोशिश की। डी सिल्वा ने 74 रन तो मिलन ने 72 रन बनाए और नंबर 9 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस पारी ने श्रीलंका को 236 रन का स्कोर बनाने में मदद की। रथनायके ने नंबर 9 पर टेस्ट



रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। डेब्यू मैच में नंबर 9 पर बैटिंग करते हुए उन्होंने टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपना नाम दर्ज किया। इस दौरान भारत के पूर्व पेसर बलविंदर संधू का रिकॉर्ड टूट 72 रन बनाकर टीम को 200 रन का आंकड़ा पारी करने में मदद का दरअसल, मिलन जब बैटिंग करने आए, उस वक्त श्रीलंकाई टीम ने अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद उन्होंने 135 गेंदों में डेब्यू करते हुए अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बना लिया है। इससे पहले भारत के बलविंदर संधू ने साल 1983 में पाकिस्तान के खिलाफ हैदराबाद में 71 रन बनाए थे।

## भारत के पूर्व फील्डिंग कोच को अफगानिस्तान ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज बॉलिंग कोच के रूप में भी काम किया है। श्रीधर लेवल-3 सर्टिफाइड कोच हैं। उन्होंने भारतीय अंडर-19 राष्ट्रीय टीम को सहायक कोच और स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में



के लिए भारतीय टीम के पूर्व फील्डिंग कोच रामकृष्णन श्रीधर को राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच के रूप में नॉमिनेट किया है। बोर्ड ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी। आर श्रीधर करीब 300 मुकाबलों में भारतीय टीम के फील्डिंग कोच रहे हैं। इस दौरान भारत ने 2 वनडे और 2 टी20 वर्ल्ड कप खेले। इतना ही नहीं आर श्रीधर ने 2014 से 2017 तक इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब के स्पिन भी काम किया है। 2008 से 2014 तक श्रीधर ने सहायक फील्डिंग और स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में काम किया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि श्रीधर इस भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाएं और उम्मीद है कि भविष्य में उनके साथ लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट रहेगा। रामकृष्णन श्रीधर ने अपने करियर में 35 प्रथम श्रेणी मैच खेले। इस दौरान 40 पारियों में उन्होंने 16.40 की औसत से 574 रन बनाए।

## इंग्लिश गेंदबाजों के नाम रहा पहला दिन, धनंजय डी सिल्वा ने खेली कप्तानी पारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका और इंग्लैंड बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज का बुधवार को आगाज हुआ। अमीरात ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे पहले टेस्ट वोक्स ने एक ही ओवर में 2 शिकार किए। श्रीलंका और इंग्लैंड बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज का बुधवार को आगाज हुआ। अमीरात ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा



में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका टीम पहली पारी में 236 रन पर सिमट गई। धनंजय डी सिल्वा ने कप्तानी पारी खेली। पहले दिन स्टंप तक इंग्लैंड टीम ने बिना कोई विकेट खोए पहली पारी में 22 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड टीम अभी भी 214 रन पीछे है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी खराब रही और टीम को 6 के स्कोर पर एक के बाद एक तीन झटके लगे। दिमुथ करुणारत्ने ने 18 गेंदों पर 2 रन बनाए। गस एटकिंसन ने उनका विकेट चटकाया। 7वें ओवर की पहली गेंद पर सलामी बल?लेबाज निशान मदुश्का कैच आउट हुए। उन्होंने 16 गेंदों पर 4 रन की पारी खेली। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर एंजेलो मैथ्यूज आउट हुए। क्रिस रहे पहले टेट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका टीम पहली पारी में 236 रन पर सिमट गई। पहले दिन स्टंप तक इंग्लैंड टीम ने बिना कोई विकेट खोए पहली पारी में 22 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड टीम अभी भी 214 रन पीछे है। इसके बाद कुसल मेंडिस ने 34 गेंदों पर 24 रन, दिनेश चांडीमल ने 40 गेंदों पर 17 रन और कामिंदु मेंडिस ने 25 गेंदों पर 12 रन की पारी खेली। प्रभात जयसूर्या ने 20 गेंदों पर 10 रन, कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने 84 गेंदों पर 74 रन ठोके। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके लगाए। मिलन रथनायके ने भी अहम योगदान दिया। उन्होंने 135 गेंदों पर 72 रन बनाए। विश्व फर्नांडो 13 के स्कोर पर रन आउट हुए। असिथा फर्नांडो बिना कोई रन बनाए नाबाद रहे।

## रोहित शर्मा ने 3 दिग्गजों को दिया टी20 विश्व कप जीतने का श्रेय, कोहली-बुमराह या हार्दिक नहीं इन्हें बताया भारतीय क्रिकेट का स्तंभ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने जूम में अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व शाह और राहुल द्रविड़ को दिया ऊ20`ण् जीतने का श्रेय दरअसल, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (ंदपू ऍर्फ्) ने बुधवार को कहा कि पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़, चयन को ऐसा बनाऊं कि परिणामों के बारे में ज्यादा चिंता नहीं किए बिना स्वतंत्र रूप से खेल सकें। यही जरूरी था। मुझे अपने तीन स्तंभों से बहुत मदद मिली जो वास्तव में



कप 2024 का खिताब जीता। फाइनल मैच में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर 2007 के बाद दूसरा विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीते हुए करीब दो महीने होने वाले है, लेकिन अभी तक इस जीत का जशन खत्म नहीं हुआ है। कप्तान रोहित शर्मा बीसीसीआई सचिव जय शाह समेत बीते दिन विश्व कप की ट्रॉफी के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर गए थे। वहीं, रोहित शर्मा ने ऐंऊ क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स में मेंस इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द इय्यर के रूप में नामित होने के बाद तीन दिग्गजों को भारतीय क्रिकेट का स्तंभ बताया और उन्हें टी20 विश्व कप 2024 की जीत का श्रेय भी दिया। ने अजीत अगरकर, जय समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह की जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने खिलाड.ियों से बेहतरीन प्रदर्शन निकालने के प्रयास में पूरा समर्थन दिया, जिसकी वजह से भारत टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत सका।रोहित की कप्तानी में भारत ने जून में आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर जीत दर्ज की। यह 2007 के बाद भारत की दूसरी टी20 वर्ल्ड कप जीत थी और रोहित ने इस जीत के साथ टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह दिया रोहित ने सीईएटी क्रिकेट रेटिंग अवाड्र्स में साल के पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में नामित होने के बाद कहा कि मेरे लिए यह सपना था कि इस टीम श्री जय शाह, श्री राहुल द्रविड़ और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर हैं।रोहित ने आगे कहा कि यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था कि मैं वही कर सकूं जो मैंने किया और निश्चित रूप से उन खिलाड.ियों को भी नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने अलग-अलग समय पर आकर टीम को हासिल करने में मदद की। टी20 विश्व कप जीतना ऐसा एहसास था जो हर दिन नहीं आता। यह कुछ ऐसा था जिसकी हम सभी उम्मीद कर रहे थे। जब हमनें विश्व कप जीता, तो यह सभी के लिए महत्वपूर्ण था कि हम उस पल का आनंद लें, जिसे हमनें काफी अच्छे से किया और हमारे देश का भी धन्यवाद जिन्होंने हमारे साथ इस खुशी को मनाया।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## नवदीप सैनी रहे फेल, अर्पित राणा ने कर दिया खेल पुरानी दिल्ली-6 ने लायंस को हराकर दर्ज की पहली जीत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग का सातवां मैच पुरानी दिल्ली-6 और वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच खेला गया।



पुरानी दिल्ली-6 ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 7 विकेट से पटखनी दी। पुरानी दिल्ली के लिए अर्पित राणा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। लायंस के लिए नवदीप सैनी कोई कमाल नहीं कर सके। पुरानी दिल्ली को अपनी पहली जीत नसीब हुई टॉस जीतकर पुरानी दिल्ली-6 के कप्तान ललित यादव ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए अंकित कुमार और शिवम गुप्ता ने ओपनिंग की शुरुआत की। पहले ही ओवर में पुरानी दिल्ली-6 को सफलता मिली। कप्तान ललित यादव ने अंकित कुमार को आउट कर वेस्ट दिल्ली लायंस को पहला झटका दिया। अंकित बिना खाता खोले पवेलिन लौटे। दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर दूसरा विकेट गिरा। अनमोल शर्मा एक रन बनाकर आउट हुए।दिल्ली प्रीमियर लीग के सातवें मुकाबले में पुरानी दिल्ली-6 ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 7 विकेट से हराकर मैच अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट दिल्ली लायंस ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 141 रन बनाए थे। इसके जवाब में पुरानी दिल्ली-6 ने 143 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की। अर्पित राणा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। ललित यादव ने अपने स्पेल के दूसरे ओवर में आर्यन दलाल को आउट कर वेस्ट दिल्ली लायंस को तीसरा झटका दिया। वेस्ट दिल्ली लायंस ने शिवम गुप्ता के रूप में चौथा विकेट गंवाया। शिवम ने 20 गेंद पर 13 रन की पारी खेली। 9 ओवर में वेस्ट दिल्ली लायंस का स्कोर 4 विकेट पर 46 रन रहा। कप्तान रितिक शौकीन ने 28 रन का योगदान दिया। दिल्ली लायंस ने 90 के स्कोर पर छठा विकेट गंवाया। देव लाकरा ने 26 रन की पारी खेली। 17वें ओवर की पहली गेंद पर ईकांश डोबला ने सिक्स लगाकर टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। ईकांश डोबला ने टीम की तरफ से सर्वाधिक 34 रन बनाए। इस दौरान 14 गेंद का सामना किया और चार छक्के जड़े। तिशांत डाबला ने तेज खेलते हुए 9 गेंद पर 23 बनाए। तिशांत ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के लगाए। वेस्ट दिल्ली लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। लक्ष्मण ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। दिल्ली लायंस के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली-6 ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज अर्पित और मनजीत ने पहले विकेट के लिए 3.5 ओवर में 42 रन की साझेदारी की। मनजीत 6 रन बनाकर दीपक पुनिया का शिकार बने। दूसरे छोर पर टिके अर्पित राणा ने तूफानी बल्लेबाजी जारी रखी। नहीं चला नवदीप सैनी का जादू हालांकि, कप्तान ललित यादव और संगत सांगवान जल्दी पवेलियन लौट गए। वंश बेदी ने अर्पित का साथ निभाया और टीम को जीत तक लेकर गए। अर्पित ने नाबाद रहते हुए 56 रन बनाए तो वंश बेदी ने नाबाद 30 रन का योगदान दिया। पुरानी दिल्ली-6 ने 17.1 ओवर में तीन विकेट खोकर 143 रन बनाकर मैच अपनी झोली में डाल लिया। नवदीप सैनी ने 3.1 ओवर में 31 रन खर्च किए। रितिक शौकीन को दो मिले।

# सम्पादकीय

## बांग्लादेश में पहले सुधार फिर चुनाव, लेकिन अनिर्णय की स्थिति से कुछ दल असहज

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चुनाव की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई। यह बात अवामी लीग, बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी को अच्छी नहीं लगेगी। अशांत बांग्लादेश में तुरंत संसदीय चुनाव कराने की संभावनाएं इस हफ्ते तभी धूमिल हो गईं, जब मुल्क की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चुनाव की कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इन्कार कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें पहले देश में महत्वपूर्ण सुधार करने का जनादेश मिला है। जाहिर है, यह बात बांग्लादेश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों, अपदस्थ अवामी लीग और प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसकी सहयोगी जमात-ए-इस्लामी बाद अनियंत्रित अराजकता और लूट से नाराज जनभावनाओं का फायदा उठाया जा सके। लेकिन नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस सुधारों पर ध्यान केंद्रित करके चुनावों में देरी कर सकते हैं। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश ने प्रेस सचिव शफीकुल आलम के माध्यम से यूनुस को उद्धृत करते हुए लिखा, 'सत्ता में बने रहने के प्रयास में?हसीना की तानाशाही ने देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया।' यूनुस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश के पुनर्निर्माण में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार बांग्लादेश में शरण लिए हुए दस लाख से अधिक रोहिंग्याओं को सहायता देना जारी रखेगी। लेकिन उनकी असली परीक्षा



को अच्छी नहीं लगेगी। बीएनपी मुल्क के मौजूदा मिजाज का लाभ उठाना चाहती है, जो अवामी लीग के खिलाफ है और सत्ता में लौटना चाहती है। यह तभी संभव होगा, जब चुनाव जल्द कराए जाएं। बीएनपी नौकरशाही, पुलिस और सुरक्षा सेवाओं तथा सरकार के अन्य विभागों में चल रहे बदलाव का स्वागत कर सकती है, जहां अवामी लीग के करीबी लोगों को कार्यकारी आदेशों या छात्र आंदोलनकारियों द्वारा ?हटाया जा रहा है। जिस तरह से प्रदर्शनकारियों ने मुख्य न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को दो घंटे की अंतिम चेतावनी देकर इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, वह एक तरह का जबरन बदलाव है। वहीं, अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे साजिद वाजिद जॉय ने 'तीन महीने के भीतर नए चुनाव' कराने के लिए भारत से हस्तक्षेप करने की मांग की है। शायद चुनावों की घोषणा से सारा ध्यान उस पर केंद्रित हो जाए और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ चल रही साजिशें कम हो जाएं और अवामी लीग को स्वच्छ छवि वाले नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का मौका मिल जाए, ताकि हसीना के अपदस्थ होने के आर्थिक विकास को पटरी पर लाना है, जो कोविड के बाद बुरी तरह से प्रभावित हुई है और भ्रष्टाचार के कारण बैंक डिफॉल्ट और बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग के कारण और बदतर हो गया है। यूनुस को सख्ती से वित्तीय अपराधियों से निपटना होगा।?सैन्य समर्थित कार्यवाहक सरकार के दौरान यूनुस ने अपनी राजनीति पार्टी बनाने की कोशिश की थी, लेकिन फिर पीछे हट गए। अटकलें हैं कि वह बीएनपी-जमात गठबंधन एवं अवामी लीग के बीच लंबे समय से चल रही मुल्क की द्विदलीय व्यवस्था को तोड़ने के लिए इस बार नई राजनीतिक पार्टी बना सकते हैं। चुनाव में देरी से वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह देखने वाली बात होगी। अमेरिका और यूरोपीय संघ इसका स्वागत कर सकते हैं। भारत तब तक बीएनपी-जमात सरकार के बजाय अंतरिम प्रशासन को प्राथमिकता दे सकता है, जब तक कि वह अपना काम ठीक से नहीं कर लेता। चीन, जिसने भारत की तरह हसीना का समर्थन किया है, सत्ता में आने वाले किसी से भी निपट सकता है।

## दुनिया की भूख मिटाने को तैयार भारत, लेकिन खाद्य सुरक्षा अब भी वैश्विक चुनौती

भारत ने कृषि उत्पादन के विभिनन्‍ क्षेत्रों में ऊंचाइयां प्राप्त की हैं और पिछले 10 वर्षों से दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में रेखांकित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत खाद्यानन्‍ अधिशेष वाला देश बन गया है और वह वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 65 वर्ष पूर्व जब यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारत में आयोजित हुआ था, उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा विश्व के लिए चिंता का विषय थी, लेकिन अब वैश्विक खाद्य संकट की चुनौतियों के बीच भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदार्थों के निर्यातक देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। साथ ही कोरोना काल से लगातार 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त में अनाज देने की भारत की पहल दुनिया भर में रेखांकित हो रही है। वर्ष 2023 में भारत ने करीब 50 अरब डॉलर मूल्य का कृषि निर्यात किया है और दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है। इन दिनों वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर प्रकाशित हो रहीं विभिनन्‍ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भारत की नई अहमियत पता चल रही है। इस समय जब रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास युद्ध और अन्य भू-राजनीतिक कारणों से वैश्विक खाद्य संकट गहराता जा रहा है, तब दुनिया के अनेक देशों को खाद्य संकट से निपटने और उनकी खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर भारत एक मददगार देश बना हुआ है। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से कहा कि कृषि व्यवस्था को बदलना समय की मांग है। देश के किसान भारत को विश्व की ऑर्गेनिक फूड बास्केट बना सकते हैं और विश्व के देशों के लिए भारत मददगार हो सकता है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित सामाजिक सुरक्षा के विभिनन्‍ वैश्विक संगठनों द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की सराहना की जा रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश ने कृषि उत्पादन के विभिनन्‍ क्षेत्रों में ऊंचाइयां प्राप्त की है। खासतौर से पिछले 10 वर्षों में कृषि विकास के अभूतपूर्व प्रयासों से अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में पहचान बना रहा है। कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत है।

# अगर हमें 'विश्व मित्र' बनना है तो बदलना होगा पड़ोसियों से अपना व्यवहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में सरकार के समर्थकों ने यह दावा किया कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है। बार-बार कहा गया कि हमारी सभ्यतागत गहराई, समृद्ध दार्शनिक परंपराएं और विशिष्ट आध्यात्मिक प्रथाओं ने हमें संस्कृति के मामले में हमेशा अग्रणी रखा है। अब भारत आर्थिक और तकनीकी तौर पर सफल है। वैश्विक नेतृत्व भी इससे पूरी तरह आश्वस्त है। इस दावे को व्यक्ति केंद्रित रखा गया और कहा गया कि सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी विश्व प्रचार की दुनिया में उभरकर सामने आया। कहा जाने लगा कि भारत विश्व मित्र है। यह मोदी शासन की महत्वाकांक्षाओं का स्पष्ट रूप से अवमूल्यन था। भारत अभी दुनिया को सिखाने की स्थिति में नहीं था, फिर भी वह दुनिया के हर देश से दोस्ती करने की अनोखी स्थिति में था। अपनी बड़ाई खुद करने की यह स्थिति भारतीय राजनीति में क्यों आई, इसके बारे में अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। क्या ऐसा इसलिए हुआ कि दिल्ली मेट्रो में बैठे भक्तों के विपरीत शासन के प्रचारकों को पता था कि भारत ऐसा लगता है कि हमारे निकटतम पड़ोसी देशों के नागरिक भारत को एक विश्वसनीय या भरोसेमंद मित्र नहीं मानते हैं। कई बांग्लादेशी भारतीय इरादों को लेकर आशंकित हैं, जिसका मुख्य कारण मोदी शासन द्वारा शेख हसीना के निरंकुश तरीकों का उत्साहपूर्ण समर्थन है। पिछली जनवरी में जब शेख हसीना ने दोबारा हुए चुनाव में धांधली से जीत हासिल की थी, तब भी भारतीय चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी चुनाव आयोग की तारीफ की थी। श्रीलंका और नेपाल में भी यह भावना साफ तौर पर मौजूद है नई दिल्ली ने सक्रिय भूमिका निभाई और उसके बदले में कई तरह की राजनीतिक और आर्थिक रियायत प्राप्त कीं। श्रीलंका के बारे में वे कहते हैं, आईपीकेएफ के समय से पहले और उसके बाद से श्रीलंका को अपनी राजनीति में नई दिल्ली के अतिक्रमण से बार-बार जूझना पड़ा है। इसके अलावा नई दिल्ली के अधिकारी सक्रिय रूप से भारतीय व्यापार समूहों को द्वीप पर व्यापार के लिए प्रेरित कर रहे हैं।ङ्क नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के बुद्धिजीवियों का ऐसा विचार है कि भारत ने हमेशा से एक दबंग बड़े भाई का किरदार निभाया मंत्रालय ने उन्हें सही सलाह नहीं दी कि 20वीं सदी में अपने असमान पड़ोसियों के साथ कूटनीति स्थापित करना कितना मुश्किल हो सकता है?ङ्क कम्युनिस्ट चीन ने मैकमोहन रेखा को कभी नहीं माना। उसका कहना है कि उससे हस्ताक्षर दबाव में कराए गए थे। उस समय वह पश्चिमी साम्राज्य के अधीन था। 1962 में चीन के आक्रमण ने भारतीयों के मन पर एक गहरा घाव दिया है। उसी तरह पाकिस्तान ने न सिर्फ जम्मू-कश्मीर, बल्कि देश के कई हिस्सों में आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। ऐसे में उसके साथ मेल- अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी थी, तब भारत के 'सुपर पावर' बनने की बातें बहुत की जाती थीं। इस तरह के दावे समय से पहले थे। दुनिया पर वर्चस्व बनाने वाली सोच की जगह अपनी सामाजिक और राजनीतिक गलतियों में सुधार करना अधिक बुद्धिमानी थी। मनमोहन सिंह के दूसरे कार्यकाल में भारत को वैश्विक स्तर पर महान बनाने की बात कम हो गई। हालांकि नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में यह बात फिर से उभरी और स्वदेशी के लेबल के तहत उसकी ब्रांडिंग की गई। हमारा देश जिस तरह की चुनौतियों का सामना कर



का नेतृत्व कर रहे हैं। इसलिए विदेश में जी-20 बैठकों की मॉर्फ्ड तस्वीरें सामने आईं, जिनमें हमारे प्रधानमंत्री को एक भव्य इमारत की सीढि़यों से उतरते हुए देखा गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति, फ्रांसीसी राष्ट्रपति, ब्रिटिश प्रधानमंत्री आदि चुपचाप उनके पीछे चल रहे थे। इस तरह के प्रचार का कुछ हद तक असर भी हुआ। वर्ष 2023 में भारत द्वारा जी-20 की बारी-बारी से अध्यक्षता संभालने के बाद मेरे एक मित्र ने दिल्ली मेट्रो में किसी को यह कहते हुए सुना, आपको पता है कि मोदी जी केवल हमारे देश के नहीं, बीस देशों के प्रधानमंत्री हैं उसी समय एक बदलाव पार्टी के की जी-20 अध्यक्षता बहुत अस्थायी है और बहुत जल्द समाप्त हो जाएगी? या हमारी अर्थव्यवस्था लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी? या फिर हमारी सीमा पर चीनी घुसपैठ और प्रधानमंत्री की उसके बारे में बोलने की अनिच्छा ने वैश्विक नेतृत्व के हमारे दावों को खोखला बना दिया? तथ्य यह है कि विमर्श में एक स्पष्ट बदलाव आया था। सत्ता पक्ष के शांत और यथार्थवादी समूहों में 'विश्व मित्र' शब्द का उपयोग पहले से कहीं अधिक बार किया जा रहा था। हालांकि बांग्लादेश संकट के मद्देनजर इस हल्के, कम गंभीर अहंकार को भी त्यागने का समय आ गया है। कि भारत का व्यवहार पड़ोसी देशों के प्रति अहंकारपूर्ण है। इन तीनों देशों के नागरिकों द्वारा दिए गए एक संयुक्त बयान में यह कहा गया कि भारत सरकार को हमारी राजनीति में दखल नहीं देना चाहिए। कई सालों से कोलंबो, ढाका और काठमांडू में नई दिल्ली के राजनीतिक, नौकरशाही और खुफिया तंत्र के दखल ने एक अंतहीन राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ाया है और निरंकुश शासन को बढ़ावा दिया है।ङ्क इन आरोपों को एक खास अहमियत दी जाती है। इसलिए बांग्लादेश के इन लेखकों के बयान कि पिछले दशक में शेख हसीना के निरंकुश शासन को बढ़ावा देने में है। 19वीं सदी में मेक्सिको के राष्ट्रपति ने कहा था, मेक्सिको ईश्वर से जितना दूर है, अमेरिका के उतना ही करीब है।ऐसा नहीं है कि भारत के इरादे अभी ऐसे हो गए हैं। यह पहले से ही रहे हैं, जब राजीव गांधी ने भारतीय शांति सेना को श्रीलंका में भेजा था। उन्होंने नरेंद्र मोदी से पहले नेपाल पर नाकाबंदी लगा दी थी। सही मायनों में वह हमारे पहले प्रधानमंत्री ही रहे होंगे, जो विदेश मंत्री भी थे। उन्होंने ही इस संबंध में दिशा तय की होगी। जवाहरलाल नेहरू के साथ काम कर चुके राजनयिक जगत मेहता ने एक बार कहा था, नेहरू इस बात को पूरी तरह से समझ नहीं पाए या विदेश मिलाप से मुश्किलें बढ़ती है। हालांकि छोटे पड़ोसी देशों के साथ इस तरह की समस्या नहीं है। इसके विपरीत कई ऐसे कारक हैं, जो देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। मसलन, भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा है और कई सांस्कृतिक समानताएं हैं। भारत ने बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजाद होने में मदद की। भारत और श्रीलंका का औपनिवेशिक इतिहास एक ही रहा है। ऐसे में अगर भारत और इन तीनों देशों के बीच संबंध कभी भी सहज नहीं रहे हैं तो यह बड़े और शक्तिशाली राष्ट्र की ओर से आत्मनिरीक्षण की मांग करता है।साल 2007-08 में जब हमारी रहा है, उनमें संस्थाओं का नष्ट होना, बढ़ती असमानता, भ्रष्टाचार तथा भाई-भतीजावाद के अलावा पर्यावरणीय गिरावट शामिल हैं। ऐसे में भारत के विश्व गुरु बनने की बात का कोई मतलब नहीं है। हां, विश्व मित्र बनने वाली बात में दम लगता है। अगर भारत दुनिया के सभी देशों का दोस्त बनकर रहना चाहता है तो उसे अपने पड़ोसियों के साथ व्यवहार में बदलाव लाना होगा, खासतौर पर बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के साथ। इन देशों के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए हमें न सिर्फ उनके नेताओं, बल्कि नागरिकों के प्रति भी आदर और विश्वास का भाव दिखाना होगा।

## परमाणु हमला और कुछ कहानियां छह अगस्त 1945 का मनहूस दिन नहीं भूल पाएंगे जापान के लोग

जापान के लोग छह अगस्त, 1945 के उस मनहूस दिन को कभी भूल नहीं सकते, जब परमाणु बम गिराया गया था। अब भी अस्पताल में प्रतिदिन उस हादसे से जीवित बचे औसतन 180 लोगों का उपचार किया जा रहा है, जिन्हें 'हिबाकुशा' के नाम से जाना जाता है। इन बम धमाकों ने



लगभग दो लाख पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को मार डाला और अनगिनत लोगों को अपंग बना दिया। हिरोशिमा की 76,000 इमारतों में से 50,000 पूरी तरह से नष्ट हो गईं। नागासाकी में धमाके के डेढ़ मील के दायरे के लगभग सभी घर नष्ट हो गए।हिरोशिमा शहर के मध्य में स्थित रेडक्रॉस अस्पताल का प्रतीक्षालय हमेशा भरा रहता है। लगभग हर खाली सीट पर बुजुर्ग लोग बैठे अपना नाम पुकारे जाने का इंतजार करते हैं। इनमें से कई महिला एवं पुरुष मरीजों का कोई सामान्य चिकित्सकीय इतिहास नहीं है। वे 79 साल पहले हुए अमेरिकी परमाणु बम हमले के जीवित बचे हुए पीडि़त हैं। जापान के लोग छह अगस्त, 1945 के उस मनहूस दिन को कभी भूल नहीं सकते। अब भी अस्पताल में प्रतिदिन?उस हादसे से जीवित बचे औसतन 180 लोगों का उपचार किया जा रहा है, जिन्हें 'हिबाकुशा' के नाम से जाना जाता है। ज्यादातर अमेरिकियों के लिए वह बम करीब चार वर्षों की अथक लड़ाई के बाद जीत की राह का प्रतिनिधित्व करता था, जो देश को पीढि़यों तक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला था। हिरोशिमा में बम गिराने केतीन दिन बाद ही नागासाकी में भी बम गिराया गया था। धमाकों ने लगभग दो लाख पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को मार डाला और अनगिनत लोगों को अपंग बना दिया। हिरोशिमा की 76,000 इमारतों में से 50,000 पूरी तरह से नष्ट हो गईं। नागासाकी में धमाके के डेढ़ मील के दायरे के लगभग सभी घर नष्ट हो गए। दोनों शहरों में बुनियादी ढांचा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। अमेरिकियों ने इस विनाश को जरूरी और साहसिक कार्य बताया, जिसने युद्ध को खत्म कर दिया। हालांकि जापान में हिबाकुशा और उनकी संततियों ने परमाणु हमले की स्मृति को बचाए रखा है। कई लोग अपने काम से दुनिया को यह बताते हैं कि बमों के कारण होने वाले आघात, कलंक और बचे होने का अपराधबोध कैसा होता है, ताकि परमाणु हथियारों का फिर कभी इस्तेमाल न हो। औसतन 85 की आयु के हिबाकुशा हर महीने सैकड़ों की संख्या में मर रहे हैं, और दुनिया एक नए परमाणु युग में?प्रवेश कर रही है। अमेरिका, चीन और रूस जैसे देश अपने परमाणु हथियार के भंडारों को आधुनिक बनाने के लिए खरबों डॉलर खर्च कर रहे हैं। ऐसे में दुनिया के लिए परमाणु हादसे से बचे पीडि़तों की कहानियां सुनना जरूरी है, जो परमाणु हथियारों की भयावहता के बारे में बता सकते हैं। हिरोए कावाशिमो की मां हिरोशिमा में घर पर थी... हिरोए का जन्म हादसे के आठ महीने बाद हुआ। उसकी मां हिरोशिमा में बम के विकिरण के संपर्क में आने के समय घटना स्थल से एक किमी दूर थी। कावाशिमो का वजन जन्म के समय मात्र 500 ग्राम था। वह उन कई बच्चों में से एक थी, जो गर्भ में रहते हुए बम के संपर्क में आए थे और उनका माइक्रोसेफेली, यानी छोटे सिर का निदान किया गया था। कुनिहिको साकुमा अपनी मां के साथ घर पर थे...तब वह मात्र नौ महीने के थे। वह कहते हैं, 'आज भी ऐसे लोग हैं, जिन्हें उन भयावह अनुभवों के बारे में बात करने में मुश्किल होती है। बमबारी के 79 साल बाद आज भी उसके प्रभाव के लक्षण उभर रहे हैं।' मुझे लगा कि यह सब अतीत की बातें हैं। लेकिन जब मैंने पीडि़तों से बात करना शुरू किया, तो मुझे एहसास हुआ कि उनका दुख अब भी ताजा है। अब डॉक्टर बन चुके मासाओ तोमांगा बमबारी के समय नागासाकी में अपने घर की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे...तब वह मात्र दो साल के थे। वह बताते हैं, बमबारी के समय एक महिला 17 साल की थी।

## खुशी वाली कोशिका को पहचानें, हर रोज कुछ ऐसा करें कि खिल उठें मन की कलियां

किताब के कुछ पनन्‍े पढ़ना, दोस्त से बात करना या कोई खेल खेलना, यानी हर रोज कुछ देर वह काम करें, जो आपको खुशी देता हो। हर इन्सान अपनी सकारात्मक भावनाओं को समझने व आनंद लेने के लिए खुद को प्रशिक्षित कर अपनी रिवॉर्ड सेंसिटिविटी बढ़ा सकता है। आमने-सामने बैठकर या वीडियो पर बात करने जैसा छोटा काम भी हो सकता है। मनोवैज्ञानिक सकारात्मक भावनाओं को पहचानने



जीवन में कभी-कभी ऐसे क्षण भी आते हैं, जब खुशी की सख्त जरूरत होने के बावजूद हम अक्सर उन अनुभवों से बचते हैं, जिनसे हमें ज्यादा आनंद मिल सकता है। मसलन, हम जन्मदिन पार्टी छोड़ देते हैं, या लंच कैंसिल कर देते हैं। और फिर हम पहले से ज्यादा बुरा महसूस करते हैं। तो उदासी, तनाव, थकावट या अकेलेपन से बाहर निकलने के लिए हम क्या कर सकते हैं ऐसे में खुद को मजबूत बनाना एक सफल रणनीति है, जिसे मनोवैज्ञानिक प्रतिफल संवेदनशीलता (रिवॉर्ड सेंसिटिविटी) कहते हैं। खुशी तलाशने की इच्छा एक ताकत है, जिसे हम विकसित कर सकते हैं। हमें बस अपनी खुशी वाली कोशिका को मजबूत बनाना होगा। अनुभवों का आनंद लेने की हमारी क्षमता भी इस पर ही निर्भर है। लगभग यह अवसाद और चिंताग्रस्त लोगों के लिए भी सच है, जो आनंद के लिए जूझते हैं। जब मानसिक स्वास्थ्य उपचार की बात आती है, तो चिकित्सक अपने रोगियों के नकारात्मक लक्षणों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। लेकिन ज्यादातर लोगों को दर्द कम करने के साथ अपनी खुशी बढ़ाने की भी जरूरत है। रिवॉर्ड सेंसिटिविटी बढ़ाने के लिए आप व्यायाम आजमा सकते हैं। जब तक यह मददगार हो, इसे रोजाना करें, लेकिन कम से कम एक हफ्ते तक इसे करने का प्रयास करें। प्रतिदिन?ऐसी गतिविधि की शुरुआत करें, जो आपको खुश करे। इससे सकारात्मक अनुभवों को टालने की संभावना कम हो जाएगी। यह पसंदीदा सन्‍ैक खाने, उपन्यास के कुछ पनन्‍े पढ़ने या किसी मित्र से और उनमें डूबने की प्रक्रिया को 'स्वाद लेना' कहते हैं। डॉ. लाफ्रेनियर के अनुसार, आनंद लेने से किसी घटना के नकारात्मक पहलुओं से मुकाबला करने में भी मदद मिलती है। सकारात्मक भावनाओं को बढ़ाने के लिए अपनी खुशी की शब्दावली का विस्तार करें। सामाजिक संवेदनशीलता पर शोध करने वाले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में मनोचिकित्सा के एसोसिएट प्रोफेसर चार्ली टेलर कहते हैं, अपनी भावनाओं को व्यक्त करना लुभावना हो सकता है। लेकिन आपको सबसे ज्यादा खुशी किस बात से मिली, यह बताने से आप बेहतर महसूस कर सकते हैं, उस खुशी को दूसरे व्यक्ति तक फैला सकते हैं और रिश्ते को भी मजबूत बना सकते हैं। हमेशा खुद को खुश रखें।

# ADHUNIK TUTORIALS

## ("FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT")

**FOR CLASSES 1st-5th**

## (ADMISSION OPEN)

**FACILITIES**

**OUR TEAM**



- Air conditioned well Furbished classrooms
- Water cooler available
- Hygienic washrooms
- CCTV for safety purposes
- In campus parking

**Dr.(Er)Puneet Arora (DIRECTOR)** - **(B.Tech, M.Tech, MBA, Ph.D)** - **Awarded with 'Young Scientist & Best** - Teachers, Author of Many Books - Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**

- Ex. Student of Bethony Convent School , Bishop Johnson School & College, Girls school & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the field of Web Development and Machine Learning.

**Ms.Riya Arora (Counsellor)**

- **Ex. Student of Delhi Public School .**
- **Subject Topper of Delhi Public School**
- **Pursuing LLB from University of Allahabad.**

**Contact**
Call and Whatsapp: 8542919234

Address: B-Block ADA Colony, Mtek Campus (NITC) Naini Prayagraj.


# सांसद धर्मेंद्र यादव व महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने नोएडा महानगर में संविधान मानस्तंभ की स्थापना की

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नोएडा समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव का नोएडा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह कार्यक्रम सेक्टर 33 अग्रसेन भवन में महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में वह पूर्व जिला अध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव की अध्यक्षता मेंआयोजित हुआ, जहां संविधान मानस्तंभ की स्थापना एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस गोष्ठी में धर्मेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने संविधान के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। धर्मेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनावों के लिए मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी की नजर नोएडा की तीनों विधानसभा सीटों पर है और उन्हें जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम के दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव ने उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनावों पर भी अपनी बात रखी और दावा किया कि समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने



लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि पार्टी जनता के समर्थन से आगामी चुनावों में बड़ा उलटफेर करेगी। सांसद ने 'भारत बंद' के समर्थन पर भी खुलकर अपनी राय रखी और कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह से इस बंद का समर्थन करती है। उन्होंने समाज के दबे-कुचले लोगों और दलितों के साथ हो रहे अन्याय पर चिंता जताई और कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी और उनके हक के लिए संघर्ष करेगी। विशिष्ट अतिथि जूही सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार का बोल वाला है युवा, किसान ,नौजवान सभी परेशान है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हिस्सा लिया और सांसद धर्मेंद्र यादव के विचारों का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव जय करण चौधरी व महानगर महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नोएडा महानगर के सभी वरिष्ठ नेता के साथ-साथ सभी प्रकोष्ठों वेफ अध्यक्ष ,पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्य अतिथि राकेश टिकैत ने फोटो जर्नलिस्ट्स की प्रशंसा करते हुए एनसीआर के 24 प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नोएडा मीडिया क्लब द्वारा आयोजित वार्षिक फोटो प्रदर्शनी का समापन समारोह आज हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने शहरवासियों के बीच गहरी छाप छोड़ी, जहां प्रमुख फोटो जर्नलिस्ट्स की कला का प्रदर्शन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे राकेश टिकैत उपस्थित रहे, जिन्होंने फोटो जर्नलिस्ट्स द्वारा खींची गई बेहतरीन तस्वीरों की सराहना की और उन्हें प्रेरणादायक बताया। समारोह में एनसीआर के 24 प्रतिभाशाली फोटो जर्नलिस्ट्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और समाज को वास्तविकता का दर्पण दिखाने के प्रयासों के लिए दिया गया। मुख्य अतिथि राकेश टिकैत ने अपने संबोधन में कहा, ठफोटो जर्नलिज्म न केवल एक कला है, बल्कि यह समाज की सच्चाई को चित्रित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इन तस्वीरों ने न केवल घटनाओं और परिस्थितियों को दर्शाया, बल्कि वे हमारे समाज के गहरे मुद्दों को उजागर करने में भी सफल रही हैं।ठ इस प्रदर्शनी में विभिनन विषयों पर आधारित तस्वीरें प्रदर्शित की गई, जो समाज, संस्कृति, पर्यावरण और रोजमर्रा




की जिंदगी के कई पहलुओं को दर्शाती हैं। ये तस्वीरें न केवल देखने में सुंदर थीं, बल्कि उन्होंने दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर किया। प्रदर्शनी ने शहरवासियों और कला प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया और उन्हें फोटोग्राफी के विभिनन आयामों से परिचित कराया। नोएडा मीडिया क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू यादव ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ठहमारा उद्देश्य फोटोग्राफी के माध्यम से समाज के विभिनन पहलुओं को उजागर करना और फोटोग्राफर्स के योगदान को पहचान दिलाना है। इस प्रदर्शनी ने न केवल फोटोग्राफर्स को अपनी कला दिखाने का मंच दिया, बल्कि इसे जनता के सामने लाकर उनकी कड़ी मेहनत को भी सम्मानित किया गया है। समारोह के दौरान राकेश टिकैत ने कहा, ठयह प्रदर्शनी एक अद्वितीय मंच है, जहां फोटोग्राफर्स ने अपनी कला के माध्यम से समाज की कई कहानियों को जीवंत किया है। मैं इन सभी प्रतिभाशाली जर्नलिस्ट्स को बधाई देता हूँ, जिन्होंने अपनी तस्वीरों के माध्यम से हमारे समाज के जटिल मुद्दों को सामने लाने का साहसिक प्रयास किया है। पुरस्कार वितरण समारोह में राकेश टिकैत ने प्रत्येक प्रतिभागी को मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने इन फोटोग्राफर्स की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवा फोटोग्राफर्स के लिए प्रेरणादायक है और यह प्रदर्शनी उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। समारोह के अंत में, वरिष्ठ पत्रकार अनिल चौधरी ने सभी उपस्थित लोगों, विशेष रूप से प्रतिभागी फोटोग्राफर्स और मुख्य अतिथि राकेश टिकैत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी भविष्य में भी जारी रहेगी और इसे और भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव साबित हुई और शहरवासियों के दिलों में अपनी छाप छोड़ गई। इस तरह के आयोजनों से न केवल फोटोग्राफर्स को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि समाज में कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## मैं चाहूं तो उन्हें नोटिस भेज सकता हूं वेलकम टू द जंगल के निर्माता से क्यों खफा हुए सिंगर साजिद खान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) मुंबई।** सिंगर साजिद-वाजिद की जोड़ी एक समय पर काफी हिट




थी। साल 1998 में सलमान खान की फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या में 'तेरी जवानी' गाने से अपना सिंगिंग करियर शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने हेलो ब्रदर, खौफ, बागी, मां तुझे सलाम और हम तुम्हारे हैं सनम जैसी फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरा। साल 2020 में ये साजिद अली खान के छोटे भाई वाजिद का निधन हो गया और तब से वह बतौर म्यूजिक डायरेक्टर अकेले ही काम कर रहे हैं। हाल ही में साजिद ने वेलकम टू द जंगल के निर्माता के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की और साथ ही बताया कि उनका कितना दिल दुखा है। साजिद इस बात से नाराज हैं कि फिल्म वेलकम टू द जंगल के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने उन्हें इस फिल्म में प्रयोग किए गए वेलकम टाइटल सांग में संगीत के लिए कोई श्रेय नहीं दिया है। साल 2007 में रिलीज हुई वेलकम फिल्म के इस टाइटल सांग का प्रयोग साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म वेलकम बैक में भी हुआ था। अपनी नाराजगी को हंसी के पीछे छुपाते हुए वह कहते हैं, हमने (संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद) ने इतना सुपरहिट टाइटल सांग वेलकम फिल्म में दिया था, लेकिन निर्माता ने हमें वेलकम टू द जंगल के लिए बुलाया ही नहीं। वह गाना हमने वेलकम बनने के बाद फिल्म में डाला था। वेलकम बैक के दौरान भी फिरोज नाडियाडवाला ने हमें एक पांच सितारा होटल में बुलाया, जहां जाकर पता चला कि हम वहां केवल मेहमान थे, फिल्म में किसी और ने संगीत बना दिया था। मैं फिरोज भाई को अहसास नहीं कराऊंगा कि वह गलतियां कर रहे हैं। वह में बड़े भाई जैसे हैं। मैं चाहूं, तो उन्हें नोटिस भेज सकता हूं। लेकिन इसलिए नहीं किया कि वह खुद महसूस करें। उन्हें मेरे बारे में सोचना चाहिए थाठ। आपको बता दें कि साजिद का लास्ट गाना साल 2023 में रिलीज हुआ था, जो उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के लिए गाया था।

## स्त्री' के वार से बचना है नामुमकिन, ऋतिक रोशन की फिल्म को कुचलकर बढ़ी आगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली।** श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' को इस वक्त रोकना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो गया है। हर दिन अमर कौशिक के निर्देशन तो स्त्री 2 (ऐ्रा 2) का क्रेज दिखाई दे ही रहा है, लेकिन दुनियाभर में भी हॉरर कॉमेडी मूवी के शोज हाउसफुल जा रहे हैं। पंकज त्रिपाठी और अपारशक्ति खुराना स्टारर ये फिल्म बहुत पहले ही 300 करोड़ आनंद ने किया था। श्रद्धा कपूर-राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, मलेशिया, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड अरब एमिरेट्स, यूके और अमेरिका में भी रिलीज हुई। ऑस्ट्रेलिया में जहां हॉरर




में बनी हॉरर कॉमेडी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर तो फिल्म का बोलबाला देखने को तो मिला ही, लेकिन वर्ल्डवाइड भी स्त्री 2 अन्य फिल्मों के रिकॉर्ड्स को ब्रेक करती हुई आगे बढ़ रही है।चंदू चैंपियन से लेकर शैतान जैसी फिल्मों ने तो स्त्री 2 के आगे पहले ही घुटने टेक दिए थे। अब स्त्री की रडार पर जो आए हैं, वो है ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण। उनकी इस साल रिलीज हुई फिल्म 'फाइटर' का स्त्री 2 ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इंडियन ऑडियंस के बीच के पार हो गई थी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोट्र्स के मुताबिक, मूवी ने एक हफ्ते में दुनियाभर में 374.49 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और जल्द ही फिल्म वर्ल्डवाइड 400 करोड़ क्लब में भी शामिल हो जाएगी। अपने एक हफ्ते के कलेक्शन के साथ ही स्त्री 2 ने इस साल की पहली रिलीज फिल्म 'फाइटर' को पछाड़ दिया है, जिसकी लाइफटाइम वर्ल्डवाइड कमाई 337.2 करोड़ के आसपास थी। फाइटर में दीपिका पादुकोण ऋतिक रोशन और करण सिंह ग्रोवर मुख्य भूमिका में नजर आए थे। मूवी का निर्देशन सिद्धार्थ कॉमेडी स्त्री 2 ने वीकेंड तक तकरीबन 6.94 लाख के करीब कलेक्शन किया, तो वहीं जर्मनी में 41 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई ये फिल्म महज 70,924 करोड़ कमा पाई। इसके अलावा न्यूजीलैंड में फिल्म का वीकेंड पर कलेक्शन 2 लाख 10 हजार तक पहुंचा। यूनाइटेड अरब एमिरेट्स में फिल्म ने सबसे ज्यादा 55 लाख के आसपास की कमाई की, जबकि यूएस में फिल्म का वीकेंड तक बिजनेस 26 लाख के आसपास पहुंचा था। ओवरसीज मार्केट की बात की जाए, तो फिल्म ने टोटल 56.66 करोड़ का बिजनेस कर लिया है।

## बिग बॉस 18 और लॉकप में होगी कड़ी टक्कर, सलमान खान और कंगना रनौत होंगे आमने-सामने


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली।** टीवी का विवादित शो



बिग बॉस 18 एक बार फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। अक्टूबर 2024 से इसकी शुरुआत हो सकती है। इस बार भी शो की कमान सलमान खान के हाथों में है। फैंस के बीच इसको लेकर काफी ज्यादा एक्साइटमेंट दो शोज का होगा क्लैश लेकिन कुछ रिपोट्र्स की मानें तो सल्लू भाई को इस पर कंगना रनौत से एक चैलेंज मिलने वाला है। जी हां, खबरों की मानें तो एकता कपूर का प्रोड्यूस शो लॉक अप सीजन 2 सलमान खान के बिग बॉस 18 के साथ क्लैश हो सकता है।टेली चक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक कंगना रनौत का लॉक अप 2 अक्टूबर 5, 2024 को ओटीटी पर दस्तक दे सकता है। वहीं सलमान खान का बिग बॉस 18 भी टीवी पर 5 अक्टूबर को दस्तक देने के लिए तैयार है। हालांकि डेट्स अभी फाइन नहीं हुई हैं लेकिन अगर ऐसा होता है तो ये सबसे बड़ा क्लैश होगा। जाहिर है बिग बॉस का अपना अलग फैन बेस है लेकिन सिर्फ एक सीजन प्रसारित हुए लॉक अप ने भी फैंस के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। लोगों को कंगना रनौत काफी अच्छी लगीं जिस तरह से उन्होंने कंट्रोवर्सियल सिचुएशन को हैंडल किया। लॉक अप सीजन 1 मुनव्वर फारूकी ने जीता था। वहीं बिग बॉस 17 के विनर भी मुनव्वर फारूकी ही थे। वहीं बिग बॉस 18 के लिए कई लोगों को अप्रोच किया जा रहा है। कंटेस्टेंट के तौर पर मानसी श्रीवास्तव, अर्जुन बिजलानी, शोएब इब्राहिम, दीपिका आर्या का नाम सामने आ रहा है। बता दें कि हाल ही में बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का समापन हुआ है। सना मकबूल ने ये शो जीता है।

## शाहिद कपूर के हाथ लगी एक्शन फिल्म


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) मुंबई।** एक्शन फिल्मों का जलवा बॉक्स ऑफिस पर पिछले साल खूब दिखा। जब शाह रुख खान, रणबीर कपूर जैसे सितारे एक्शन फिल्मों से तारीफें बटोर रहे हैं, तो ऐसे में भला शाहिद कपूर एक्शन में क्यों पीछे रह जाए। पिछली बार उन्हें बल्डी डैडी फिल्म में एक्शन करते हुए देखा गया था। हालांकि, वह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म तक ही सिमट कर रह गई थी। अब वह बड़े पर्दे पर एक्शन करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि जिस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में शाहिद ने दिलचस्पी दिखाई है, उसे निर्देशक विशाल भारद्वाज बना रहे हैं।फिल्म कमीने (2009), हैदर (2014) और रंगून (2017) के बाद अभिनेता शाहिद और निर्देशक विशाल की जोड़ी एक बार फिर साथ आने के लिए तैयार है। यह विशाल की पहली एक्शन फिल्म होगी। सूत्रों के अनुसार, विशाल इस फिल्म को बड़े स्तर पर बनाने की सोच रहे हैं। फिल्म में छह बड़े एक्शन सीन होंगे, जिसको शूट करने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। शाहिद फिल्म के लिए




विशाल पहली पसंद थे। उन्हें जब फिल्म की कहानी सुनाई गई, तो शाहिद ने तुरंत हां कर दी, क्योंकि वह कहानी में एक्शन के स्तर के बारे में सुनकर हैरान थे। फिल्म का शीर्षक तय नहीं है और मेकर्स अब अभिनेत्री की तलाश में हैं। फिल्म के बाकी किरदारों की कास्टिंग भी जल्द होगी। इस साल सितंबर या अक्टूबर तक शूटिंग शुरू करने की योजना है। बता दें कि, हाल ही में शाहिद कपूर की फिल्म 'कमीने' की रिलीज को 15 साल पूरे हुए हैं। ऐसे में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक वीडियो भी शेयर किया था। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी यह मूवी साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस मूवी में उनके साथ प्रियंका चोपड़ा समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे।

## राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर तोड़ी चुप्पी बोलीं - बुरा लगता है


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली।** राजकुमार राव की पतनी पत्रलेखा को आखिरी बार फिल्म नेटफ्लिक्स की फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में देखा गया था। इसमें वरुण शर्मा, जस्सी गिल,सनी सिंह, मनजोत सिंह और इशिता राज ब्लोटिंग हो रही थी, लेकिन लोगों ने कहा कि मैं प्रेगनेंट हूं। अब उन लोगों को कौन समझाए कि महीने में कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब अच्छा महसूस नहीं होता। पहले मुझे इन चीजों से परेशानी होती थी लेकिन फिर मैंने कमेंट्स पढ़ना ही बंद कर दिया।



शर्मा भी नजर आए थे। पत्रलेखा ने कहा कैमरे को नहीं देती पोज हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने प्रेगनेंसी रूमर्स पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि जब कोई उनकी प्रेगनेंसी की झूठी खबर फैलाता है तो ये चीजें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा कि इस वजह से कई बार वो कैमरे के आगे पोज करने से भी हिचकिचाती हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस पत्रलेखा ने साल 2021 में राजकुमार राव के साथ शादी की थी। हाल ही में उन्हें राजकुमार राव के साथ स्त्री 2 की सक्सेस पार्टी में देखा गया। पिछले दिनों राजकुमार राव ने उनके बर्थडे के मौके पर एक तस्वीर पोस्ट की थी जिसके बाद से ये खबर आई थी कि एक्ट्रेस प्रेगनेंट हैं। अब इस पर पत्रलेखा ने रिएक्ट किया है। गैलाटा इंडिया को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा, कितनी बार ऐसा हुआ है कि मुझे अब फर्क नहीं पड़ता। मैं फोटोज पोस्ट करती हूं लेकिन कमेंट नहीं पढ़ती। राज कुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर, 2021 को शादी की थी। शादी से पहले कपल फिल्म सिटीलाइट्स में साथ नजर आए थे। फिलहाल एक्टर स्त्री 2 की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी भी नजर आए। फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। पर्दे पर स्त्री 2 की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर अक्षय कुमार और तापसी पन्नू की फिल्म खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा से हुई। इसके बावजूद स्त्री 2 दर्शकों का ध्यान खींचने में कामयाब रही। फिल्म ने भारत में अब तक 250 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

## इंशा घई के पति अंकित कालरा का 29 साल की उम्र में हुआ निधन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली।** पॉपुलर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इंशा घई कालरा और उनके पति अंकित कालरा को इंस्टाग्राम पर फनी रील्स के लिए सेलिब्रेशन के ठीक एक दिन बाद इंशा घई ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पति अंकित की एक तस्वीर शेयर की और अपने फैंस को इसकी जानकारी दी। तस्वीर के ऊपर इंशा घई की पोस्ट के बाद सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट बॉक्स पर उन्हें हिम्मत देते दिखे। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'मैं सदमे में हूं और मुझे यकीन नहीं हो


जाना जाता है। इस जोड़े ने फरवरी 2023 में शादी की थी और शादी के लगभग डेढ़ साल बाद उनकी दुनिया उजड़ गई। इन्फ्लुएंसर के पति अंकित कालरा का 19 अगस्त, 2024 को निधन हो गया। इंशा ने एक नोट शेयर करके इस बात की जानकारी दी। अंकित महज 29 साल के थे और उनके फेंड्स, फैमिली और फैंस को अभी तक इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा है कि वो अब इस दुनिया में नहीं हैं। राखी लिखा, ठअंकित कालरा की याद में। 24-3-1995...19-4-2024।'' हालांकि, इंशा ने अपने पति की मौत का कारण नहीं बताया, लेकिन इस खबर ने सभी को चौंका दिया है। इंशा ने लिखा इमोशनल नोट इस पर एक नोट लिखकर इंशा ने अपनी भावनाओं को शेयर किया। उन्होंने लिखा, मुझे एक दिन पीछे ले जाओ, सब बदल दूंगी वापस आ जाओ बेबी, प्लीज़ मुझे तुम्हारी याद आती है। रहा है।' एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया,'हिम्मत रखो इंशा, हम सब तुम्हारे साथ हैं। रेस्ट इन पीस अंकित। अभी भी विश्वास नहीं हो रहा लेकिन आपकी बेटर हाफ का ध्यान रखेंगे, जैसा कि वादा किया था।इंशा एक सोशल मीडिया इंनफ्लुएंसर हैं। इसके अलावा वह एक डिजाइनर भी हैं। कपल फनी वीडियोज बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते थे।

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के एक और एक्टर ने शो को कहा अलविदा लेटेस्ट एपिसोड देख मची हलचल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फैंस के पसंदीदा शो में से एक है। पिछले लगभग 16 सालों था। अब इस शो से जुड़ी एक और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल, अब्दुल शो से गायब हो गया है, जिसके बाद यह कहा शुरू कर दिए कि अब्दुल यानी शरद सांकला ने भी शो छोड़ दिया है। वहीं, गोली यानी कुश शाह जब शो से बाहर हुए थे उस समय भी




से यह शो लोगों का मनोरंजन करता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान इसे कई कंट्रोवर्सी का भी सामना करना पड़ा। हालांकि, इसके बावजूद भी शो और इसके कलाकारों को लोगों से काफी प्यार मिला। फिर चाहें वो दिलीप जोशी 'जेठालाल' हो या शरद सांकला 'अब्दुल' हो। वहीं, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कई कलाकारों ने अभी तक शो को अलविदा भी कह दिया है। हाल ही में 'गोली' की फेरवेल का वीडियो सामने आया जा रहा है कि उनकी जगह कोई और ले सकता है। चलिए जानते हैं आखिर ये पूरा माजरा क्या है।दरअसल, हाल की कुछ एपिसोड में देखने को मिला कि अब्दुल गोकुलधाम सोसाइटी से गायब हो गए हैं, जब गोकुलधाम के लोगों को इसके बारे में पता चला तो हर कोई उन्हें लेकर परेशान हो जाता है और वह अब्दुल को ढूंढने में लग जाते हैं, लेकिन अब्दुल का कोई पता नहीं चलता। यह देखने के बाद लोगों ने यह कयास लगाने कुछ ऐसा ही दिखाया गया था कि वह बाहर गया और लापता हो गया था। ऐसे में दर्शक उसे इससे जोड़कर देख रहे हैं। बता दें कि मई में भी यह खबरें आई थीं कि शरद ने शो छोड़ दिया है, लेकिन वह फिर शो में दिखाई दिए और वो अफवाहें खत्म हो गई। अब यह तो आने वाले एपिसोड में ही देखने को मिलेगा कि उन्होंने सच में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को अलविदा कह दिया है या ये सिर्फ शो के कंटेंट का एक हिस्सा है।

## स्टार्स में होता है कम' तापसी पन्नू ने बताया क्यों राजनीतिक मामलों पर अपनी राय नहीं देते कलाकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) नई दिल्ली।** तापसी पन्नू का नाम बॉलीवुड की उन एक्ट्रेस में लिया जाता है, जो अपनी राय बेबाक अंदाज में सभी के सामने रखते हुए नजर आती हैं। वह प्रोफेशनल हो या राजनीतिक हर मुद्दे खुलकर अपने विचार शेयर करते हुए दिखाई देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने उन चुनौतियों के बारे में बात की हैं, जिनका सामना स्टार्स को राजनीतिक राय व्यक्त करने में करना पड़ता है क्यों चुप रहना पसंद करते हैं स्टार्स दरअसल, एएनआई से बात करते हुए तापसी ने बताया है कि फिल्म इंडस्ट्री में कई लोग मजबूत व्यक्तिगत विश्वास के बावजूद भी राजनीतिक मामलों पर चुप रहना क्यों पसंद करते हैं।हमारी अपनी राजनीति है। जरूरी नहीं कि यह हमेशा किसी खास तरह की राजनीति से जुड़ी हो। बोलने या चुप रहने का फैसला अक्सर मिलने वाली प्रतिक्रिया के डर से प्रभावित होता है। लोग चुप रहना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे कोई समस्या हो सकती है। इसके आगे एक्ट्रेस ने कहा कि सितारों पर अक्सर बारीकी से नजर रखी जाती है। उनके शब्द की जांच की जाती है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।